# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026



## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN




छत्तीसगढ़ में पहली बार

**NABH**

पूर्ण मान्यता प्राप्त

आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

गुणवत्ता, सुरक्षा और भरोसे के अंतरर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने वाला छत्तीसगढ़ का पहला पूर्ण NABH मान्यता प्राप्त आयुर्वेद अस्पताल

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REIMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

### हमारी विशेषज्ञ चिकित्सक टीम



**Dr. Avinash Bais** — Chief Medical Officer, MD (RAV Guru), 29 Years of Experience

**Dr.M.Faizan Khan** — Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 17 Years of Experience

**Dr.Damini Sahu** — BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience

**Dr.Gaurav Dewangan** — BAMS, Ex.RAV (Delhi), 5 Years of Experience

**Dr.Aastha Sanadhya** — BAMS Skin Specialist (Maharashtra), 3 Years of Experience

**Dr.Devyani Rathore** — BAMS CCPT Panchakarma Specialist (Maharashtra), 3 Years of Experience

**Dr.Samiksha Rathore** — BAMS CCPT Panchakrma & Pain Specialist (Kerala), 3 Years of Experience

**Dr.Khyati Patel** — BAMS Pain Consultant, 2 Years of Experience

**Dr. Abhimanyu Sahu** — B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

**NABH** (नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) द्वारा प्रदत्त यह मान्यता हमारे समर्पण, उत्कृष्ट सेवाओं, मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, प्रशिक्षित टीम एवं पारदर्शी प्रक्रियाओं का प्रमाण है।

QUALITY SAFETY TRUST

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

सेक्टर-7B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) — 95224-66664, 62622-22003

सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) — 98264 46666

भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) — 95224 66605

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

पुरी। ओडिशा के पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के तहत भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के रथ शुक्रवार को गुंडिचा मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को 'पहंडी' की प्रक्रिया में देरी के कारण तीनों में से कोई भी रथ 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर तक नहीं पहुंच पाया था। देवता रात भर रथों पर ही रहे। 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच शुक्रवार सुबह लाखों भक्तों ने तीनों देवताओं - भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथों को खींचना शुरू किया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) का अनुमान है कि रथ यात्रा में 10 से 12 लाख श्रद्धालु शामिल हुए।

'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच आज फिर खींचे जाएंगे तीनों रथ

# रातभर रथों पर रहे जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा, श्रद्धालुओं ने खींचे रथ, गुंडिचा मंदिर पहुंचे

भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के मुख्य सेवक माने जाने वाले गजपति महाराजा दिब्यसिंह देब ने एक वीडियो संदेश में कहा, "निर्धारित रथ यात्रा के अगले दिन रथ खींचने में कोई बुराई नहीं है। कई बार रथ तय समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं और उन्हें अगले दिन खींचा जाता था। अंधेरा होने के कारण बृहस्पतिवार को रथ खींचने की प्रक्रिया रोक दी गई थी।"

समय अधिक होने पर दूसरे दिन खींचे जाते हैं रथ

## शुक्रवार को भी रातभर रथ पर ही रहे देवता

एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी ने बताया कि रथ खींचने की प्रक्रिया शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे फिर शुरू हुई। तीनों देवता शुक्रवार रात भी रथों पर ही रहेंगे, जबकि गुंडिचा मंदिर में प्रवेश की शोभायात्रा शनिवार को आयोजित की जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, गुंडिचा मंदिर को इन तीनों देवताओं का जन्मस्थान माना जाता है।



## कल इन स्थानों पर रुक गए थे तीनों रथ

भगवान बलभद्र का 'तालध्वज' रथ ग्रैंड रोड पर लगभग 700 मीटर की दूरी तय करने के बाद मार्केट चौक पर रुक गया था। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह देवी सुभद्रा का 'दर्पदलन' रथ लगभग 400 मीटर की दूरी तय करने के बाद मारिचिकोट छक पर रुक गया जबकि भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ को केवल कुछ गज ही खींचा गया और वह मुख्य मंदिर के सिंहद्वार के पास ही रुका रहा।

## बारिश के बावजूद नहीं टूटा श्रद्धालुओं का उत्साह

बारिश और उमस के बावजूद लाखों श्रद्धालु जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयघोष के बीच रथ खींचते रहे। ग्रैंड रोड पर झांझ, नगाड़ों, शंख और तुरहियों की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। बारिश का पानी जमा न हो, इसके लिए ग्रैंड रोड पर विशेष इंतजाम किए गए, ताकि रथयात्रा बिना रुकावट आगे बढ़ सके।

## पहंडी प्रक्रिया में हुई एक घंटे की देर

एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी ने पत्रकारों को बताया, ''अनुष्ठानों में बिल्कुल भी देरी नहीं हुई, लेकिन 'पहंडी' प्रक्रिया में एक घंटे से अधिक की देरी हुई। भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा मुख्य द्वार पर करीब 40 मिनट तक आगे नहीं बढ़ सकी, जिसके कारण 'पहंडी' में देरी हुई।''

## खबर संक्षेप

### झारखंड में 25 लाख का इनामी माओवादी गिरफ्तार



रांची। झारखंड के गिरिडीह जिले में 25 लाख रुपये के इनामी एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार माओवादी की पहचान अजय महतो उर्फ टाइगर के रूप में हुई है। वह विभिन्न जिलों में दर्ज 240 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि महतो को बृहस्पतिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और झारखंड पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान हरलाडीह चौकी क्षेत्र में स्थित एक मकान से गिरफ्तार किया गया।

### पाक सुरक्षा बलों ने 24 आतंकवादी किए ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए कई अभियानों में 24 आतंकवादी मारे गए हैं। सेना के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि ये अभियान पिछले 24 घंटे के दौरान अशांत बन्नू जिले और उसके आसपास के इलाकों में चलाए गए। बयान में कहा गया है कि इन अभियानों के दौरान 24 आतंकवादी मारे गए। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकवादी कई आतंकी गतिविधियों और आम लोगों की हत्या के मामलों में शामिल थे।

### अमेरिकियों को ठगने वाले सात गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक पॉश इलाके में स्थित रिहायशी अपार्टमेंट से कथित रूप से संचालित किए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ किया। इस फर्जी कॉल सेंटर के जरिये अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाया जाता था। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इससे पहले एक जुलाई को अपराध शाखा ने राजधानी के गोमतीनगर इलाके स्थित समिट बिल्डिंग से संचालित एक अन्य फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया था। साइबर अपराधियों के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने उस समय 119 लोगों को गिरफ्तार किया था।

राजनाथ के दफ्तर में हुआ मंथन

# सरकार की बड़ी तैयारी, मॉनसून सत्र में पेश होंगे पांच नए बिल

संसद के मॉनसून सत्र से पहले केंद्र सरकार ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को अहम बैठक की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ऑफिस में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जेडीयू के नेता ललन सिंह, टीडीपी के राम मोहन नायडू समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुई और एक घंटे से ज्यादा समय तक चली।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





बैठक में मॉनसून सत्र के दौरान सरकार की रणनीति, विपक्ष के संभावित मुद्दों और संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों पर विस्तार से चर्चा की गई। सरकार इस सत्र में कई अहम कानूनों को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। संसद के दोबारा शुरू होने से एक दिन पहले, 19 जुलाई को विपक्षी दलों की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई है।

**विपक्ष ने भी तैयारियां कीं तेज :** दूसरी ओर, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कई आंतरिक बैठकें पहले से ही चल रही हैं। जहां एक तरफ विपक्ष बेरोजगारी, बेकाबू महंगाई और नीट पेपर लीक जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को चौतरफा घेरने की तैयारी कर रहा है वहीं संसद में एकजुट होकर सरकार को घेरने की रणनीति भी बना रहा है।

## इन पांच बिलों को पेश करने की तैयारी

सरकार जिन पांच नए विधेयकों को संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है, उनमें इनकम टैक्स (संशोधन) विधेयक, 2026, सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास संशोधन विधेयक, 2026 शामिल हैं। इनमें से इनकम टैक्स और सुप्रीम कोर्ट से जुड़े विधेयक अध्यादेशों की जगह लाए जाएंगे।

पहले से लंबित दो विधेयक भी पेश किए जाएंगे

इसके अलावा सरकार दो पहले से लंबित विधेयकों को भी आगे बढ़ाएगी। इनमें विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026, जिसे 25 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश किया गया था, और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025, जिसे 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश कर संयुक्त समिति को भेजा गया था, जो कि मौजूदा सत्र में पेश किए जाने वाले विधेयकों में शामिल है।

## सरकार की इन विधेयकों पर होगी प्राथमिकता

माना जा रहा है कि मॉनसून सत्र में सरकार आर्थिक सुधार, न्यायिक व्यवस्था, शिक्षा और एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े अहम विधेयकों को प्राथमिकता देगी। वहीं विपक्ष भी कई राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। ऐसे में आगामी मॉनसून सत्र के दौरान संसद में तीखी बहस और राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है।

## परिसीमन और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' चर्चा के मुख्य विषय

हालांकि सरकार की आधिकारिक विधायी सूची में परिसीमन बिल या 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' बिल शामिल नहीं है, लेकिन सत्र से पहले ये दोनों प्रस्ताव राजनीतिक चर्चा के सबसे बड़े विषय बन गए हैं। विपक्षी दलों का मानना है कि केंद्र सरकार इन कानूनों को पेश करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। कांग्रेस पहले ही साफ कर चुकी है कि अगर संसद में परिसीमन (delimitation) की प्रक्रिया का बिल लाया जाता है, तो वह इसका विरोध करेगी।

रेप पीड़िता बच्ची की मौत पर तीखी टिप्पणी

# तो आप अपने नाम से डॉक्टर हटा लो, सुप्रीम कोर्ट की डॉक्टरों को फटकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आज गाजियाबाद में रेप पीड़िता चार साल की मासूम बच्ची को भर्ती करने से इनकार करने वाले दो निजी अस्पतालों को कड़ी फटकार लगाई है। डॉक्टर के पेशे में निहित संवेदनशीलता नहीं दिखाने को लेकर भी तीखी आलोचना की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने अस्पतालों और डॉक्टरों को फटकार लगाते हुए कहा कि आपने उस बच्ची को इसलिए नजरअंदाज किया था क्योंकि वह गरीब थी। ऐसा करना मानवता को शर्मसार करने वाली आदत है और आपको अपने नाम से डॉक्टर शब्द ही हटा लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों से कहा कि वे पीड़ित परिवार की मदद के लिए अपनी मर्जी से दान दें, वरना उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि गाजियाबाद में रेप पीड़िता चार साल की बच्ची की मौत हो गई। उस बच्ची को प्राइवेट अस्पतालों ने एडमिट करने से मना कर दिया था और इस वजह से उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## आपने संवेदनशीलता होती तो... सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने उन निजी अस्पतालों को फटकार लगाई, जिन पर गाजियाबाद में रेप और मर्डर की शिकार चार साल की बच्ची को शुरुआती इलाज ना देने का आरोप है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा-अगर आप अपनी ड्यूटी नहीं निभाते हैं, तो आपको अपने नाम के साथ 'डॉक्टर' लिखने का कोई हक नहीं। अगर आपमें थोड़ी भी संवेदनशीलता होती, तो सुविधा न होने पर भी आप उस बच्ची को दूसरे अस्पताल ले जाते।

**जानें क्या था पूरा मामला? :** 16 मार्च को एक शख्स ने चार साल की बच्ची को चॉकलेट दिलाने का लालच दिया था और उसे दूर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी लड़की को बदहवास स्थिति में छोड़कर भाग गया था। परिजन उसे इलाज के लिए दो प्राइवेट अस्पतालों में ले गए, लेकिन वहां उसे इलाज नहीं मिला। परिजन आखिर में सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## पुलिस ने भी अपनी ड्यूटी सही नहीं निभाई : कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में कहा था कि इस घटना की सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय पुलिस ने भी परिजनों को महत्व नहीं दिया और केस दर्ज करने से इनकार करते रहे। इस मामले पर जब बवाल मचा तो पुलिस ने 17 मार्च को एफआईआर दर्ज की और 18 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सबसे बड़ी बात ये है कि एफआईआर में पॉक्सो और सेक्शन 376 नहीं जोड़ा गया था।

# रिटायर होने के तीन दिन पहले चुराया दान, एसआईटी ने किया गिरफ्तार

## बद्रीनाथ मंदिर दान चोरी मामलाः एसआईटी की कार्रवाई

एजेंसी ▸▸ चमोली



उत्तराखंड की चमोली पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने शुक्रवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के एक रिटायर्ड कर्मचारी को मंदिर के दान कक्ष से कथित तौर पर नकदी चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में वह 30 जून को रिटायर होने से पहले तीन बार पैसे अपनी जेब में रखते हुए दिखे। पुलिस ने बताया कि कैमरा फुटेज में राजेंद्र चौहान 30 जून को रिटायर होने से पहले तीन बार पैसे अपनी जेब में रखते हुए दिखे। बद्रीनाथ पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर महादेव उनियाल ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में वह 22, 25 और 29 जून को तीन बार कैश अपनी जेब में रखते हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में बीकेटीसी के सस्पेंड किए गए कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को भी गिरफ्तार किया है, जो चेयरमैन चौहान के ऑफिस में पर्सनल असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती सबूतों से पता चलता है कि दोनों आरोपियों ने मिलकर यह साजिश रची थी।

## 22, 25, 29 को की चोरी, 30 जून को हुए रिटायर

बद्रीनाथ पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर महादेव उनियाल ने कहा कि हमें बद्रीनाथ मंदिर में दान की चोरी के मामले में मंदिर के पूर्व अधिकारी राजेंद्र चौहान की भूमिका का पता चला है। हमारे द्वारा देखे गए सीसीटीवी फुटेज में वह 22, 25 और 29 जून को तीन बार कैश अपनी जेब में रखते हुए पाए गए। वह 30 जून को रिटायर हुए थे। एसएचओ उनियाल ने बताया कि आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश करेंगे।

## जम्मू में ड्रग्स तस्कर की 1.40 करोड़ की संपत्ति कुर्क

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले की पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत पंजाब के एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.40 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। पुलिस के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां पंजाब के अमृतसर जिले के नवीनपिंड गांव निवासी शरीफ की हैं। इनमें एक स्विफ्ट कार, एक कनाल, आठ मरला जमीन और हाल ही में निर्मित एक रिहायशी मकान शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जांच में यह स्थापित हुआ है कि ये संपत्तियां मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से अर्जित आय से खरीदी या निर्मित की गई थीं। यह कार्रवाई मजालता थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में की गई।

# एक गाड़ी गुजरने के बाद खोला फाटक दूसरी ट्रेन से स्कूल वैन टकराई, 4 की मौत

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में घटना



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक ट्रेन ने रेलवे ट्रैक पार कर रही स्कूल वैन को टक्कर मार दी। घटना के समय रेलवे क्रॉसिंग खुला हुआ था, जिससे स्कूल वैन ट्रैक पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी ट्रेन ने जोरदार टक्कर मारी। हादसे में 3 छात्रों और एक साइकिल सवार की मौत हो गई है, जबकि कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायल मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं।

## कैसे हुआ हादसा

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह हावड़ा जाने वाली नबद्वीप धाम एक्सप्रेस गुजरने से पहले फाटक बंद था, जिसके गुजरने के बाद फाटक खोल दिया गया। इसके तुरंत बाद निमितिता-कटवा पैसेंजर ट्रेन को गुजरना था, लेकिन फाटक बंद नहीं किया गया। तभी वैन चालक ने क्रॉसिंग खुली देखी और ट्रैक पार करने की कोशिश की, जिससे हादसा हो गया। घटना के समय एक साइकिल सवार भी ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहा था, जो चपेट में आ गया।

## हादसे के बाद वैन में फंस गए बच्चे

पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रेन की टक्कर से स्कूल वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पटरी के किनारे गिरी। उसमें बच्चे फंस गए थे। मृतकों में गोबिंदपुर गांव के 3 छात्र और साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। साइकिल सवार की पहचान 50 साल के जमशेद शेख के तौर पर हुई है। हादसे के बाद वैन में फंसे बच्चों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे और उन्हें बचाने की कोशिश की।

आरबीआई की बड़ी तैयारी, ग्लोबल टेंडर जारी, कागजी नोट भी रहेंगे चलन में

# जेब में जल्द दिखेंगे प्लास्टिक के नोट, नकली करेंसी पर लगेगी लगाम

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक देश की मुद्रा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार केंद्रीय बैंक पॉलीमर बैंक नोटों का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी में है। दुनिया के कई देशों में पहले से इस्तेमाल हो रहे ये प्लास्टिक नोट सामान्य कागजी नोटों की तुलना में ज्यादा मजबूत, लंबे समय तक चलने वाले और सुरक्षा की दृष्टि से अधिक भरोसेमंद माने जाते हैं। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद ही इन्हें पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से जारी किया जाएगा। इस बदलाव का उद्देश्य नकली नोटों के खतरे को कम करना भी है। आरबीआई ने इसके लिए ग्लोबल टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

## 10 और 20 रुपये के नोटों से होगी शुरुआत

सूत्रों का कहना है कि शुरुआती चरण में 10 और 20 रुपये के पॉलीमर नोट जारी किए जा सकते हैं। ये दोनों मूल्यवर्ग आम लोगों के दैनिक लेनदेन में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं, इसलिए इनके जरिए नई तकनीक की व्यावहारिकता को परखा जाएगा। यदि पायलट सफल रहता है तो बाद में अन्य मूल्यवर्ग के नोट भी पॉलीमर सब्सट्रेट पर छापे जा सकते हैं।



## एडवांस सुरक्षा फीचर्स होंगे शामिल

प्लास्टिक नोटों में इनमें पारदर्शी विंडो, विशेष होलोग्राम, माइक्रो प्रिंटिंग, रंग बदलने वाली स्याही और मशीन से आसानी से पहचाने जाने वाले सेफ्टी फीचर शामिल हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पॉलीमर नोटों की नकल करना पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में कहीं अधिक कठिन होता है। इससे नकली नोटों के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिल सकती है और बैंकिंग प्रणाली की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

## वैश्विक टेंडर जारी 18 अगस्त तक आवेदन

इस परियोजना को लागू करने के लिए आरबीआई ने ग्लोबल टेंडर जारी किए हैं। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भारत के लिए प्लास्टिक नोटों का बेस मटीरियल उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किया गया है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त तय की गई है।

## दुनिया के कई देशों में पहले से सफल प्रयोग

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में पॉलीमर नोट पहले से प्रचलन में हैं और वहां इनका प्रदर्शन काफी बेहतर माना गया है। ये नोट पानी से जल्दी खराब नहीं होते, गंदगी कम पकड़ते हैं और सामान्य कागजी नोटों की तुलना में कई गुना अधिक समय तक चलते हैं।

## कागजी नोट बंद नहीं होंगे

आरबीआई ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि बाजार में चल रहे सभी वैध कागजी नोट पहले की तरह कानूनी मुद्रा बने रहेंगे और उनका इस्तेमाल जारी रहेगा। प्लास्टिक नोट फिलहाल एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में सिस्टम में शामिल किए जाएंगे यानी लोगों को अपने पुराने नोट बदलवाने की कोई तत्काल जरूरत नहीं होगी और दोनों तरह की करेंसी कुछ समय तक साथ-साथ चल सकती है।

जम्मू-कश्मीरः तीन सुरक्षा कर्मी भी घायल

# सुरक्षा कर्मी की बंदूक छीनने वाले की गोली चलने से मौत

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार रात को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के 3 जवान घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब एक व्यक्ति ने सुरक्षाकर्मियों से उनकी सर्विस राइफल छीनने की कोशिश की थी। घटना के बाद एक धार्मिक उपदेशक हिरासत में है। सुरक्षा बनाए रखने और हालात को देखते हुए डोडा शहर, भदरवाह, भलेसा और थात्री सहित पूरे डोडा जिले में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। घटना के बाद भदरवाह कस्बे में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एहतियात के तौर पर इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस के अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है।

## कैसे हुई गोलीबारी की घटना

सुरक्षा बलों को गुरुवार को एक ऊंचाई वाले क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी, जिसके बाद एसओजी टीम ने भदरवाह कस्बे से करीब 35 किलोमीटर दूर जाई-गांडोह सड़क पर घात लगाकर हमला करने की योजना बनाई। तभी रात साढ़े 11 बजे, टीम ने चौका गांव निवासी आरिफ हुसैन (30) को रोका, जिसने जवानों पर हमला कर दिया और राइफल छीनने का प्रयास किया। इसी दौरान गोली चल गई, जो युवक को लगी और 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# बिलासपुर डूबा!

36 घंटे में 48 सेमी बारिश






# स्कूलों की छुट्टी, रेलवे ट्रैक डूबे, कई ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

पिछले डेढ़ दिनों से हुई बारिश ने बिलासपुर में बाढ़ के हालात ला दिए। 10 से अधिक मोहल्लों में नाव चलाकर लोगों के निकालने की नौबत आ गई। बारिश ऐसी हुई कि शहर और जिले का हर हिस्सा जलमग्न हो गया। 4 हजार से अधिक लोगों को सामुदायिक भवन, स्कूल और राहत कैंपों में रखा गया है। कई जगह से ट्रांसफार्मर डूबने से ब्लैकआउट की स्थिति रही तो जिला प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। रेलवे ट्रैक डूबने से 5 मेमू ट्रेनें रद्द और 3 ट्रेन का रूट बदला गया ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अरपा चेक डैम की नहर टूटी कई गांवों में घुसा पानी

मूसलाधार बारिश ने बिलासपुर में हालात बिगाड़ दिए हैं। 1993-94 के बाद सबसे भीषण बारिश का असर देखने को मिल रहा है। रात 11 बजे से जारी तेज बारिश के बीच अरपा चेक डैम की नहर मानिकपुर के पास टूट गई, जिससे पानी तेजी से देवरीखुर्द, मानिकपुर समेत आसपास के इलाकों में घुस गया। कई घर जलमग्न हो गए हैं और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नहर टूटने से लोगों में दहशत का माहौल है। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए है और राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

**मौसम विभाग का अलर्ट**

### बिलासपुर में जारी रहेगा भारी बारिश का दौर

रायपुर। बुधवार देर रात से प्रारंभ हुई भारी बारिश बिलासपुर शहर के लिए आफत बनकर सामने आई। न्यायाधानी को फिलहाल राहत मिलने की अधिक उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में हल्की से भारी बारिश का दौर अगले 24 घंटों तक जारी रहेगा। इस दौरान भारी बारिश का क्षेत्र बिलासपुर संभाग सहित छत्तीसगढ़ का उत्तरी हिस्सा रहेगा। राजधानी सहित मध्य भाग में अपेक्षाकृत कम तथा दक्षिण भाग में सबसे कम बारिश होगी। भारी बारिश के अलावा कुछ स्थानों के लिए वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड तथा उत्तर ओडिशा के ऊपर बने एक निम्न दाब का क्षेत्र के प्रभाव से यह स्थिति निर्मित हुई है। भारी बारिश के बाद भी प्रदेश में सब डिविजनल वर्षा सामान्य से 27% कम है। पूर्व में यह कमी 30% से अधिक थी। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में हुई बारिश के बाद इसकी कुछ भरपाई हो सकी है।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107252/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹130990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹142988/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर 14 घंटे से ज्यादा चली चर्चा, सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर छोड़े तीखे तीर

# कांग्रेस का अविश्वास ध्वस्त, सीएम साय बोले-विपक्ष का प्रस्ताव केवल औपचारिकता

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 से कई देशों का करेंगी दौरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोल्दोवा, उत्तरी मकदूनिया और रोमानिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए 19 से 25 जुलाई तक इन तीन देशों की राजकीय यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के निमंत्रण पर 20 जुलाई को इस पूर्वी यूरोपीय देश का दौरा करेंगी।

### अमेरिका ने कड़े किए वीजा नियम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने विदेशी छात्रों, विनिमय कार्यक्रम के तहत आने वाले लोगों और पत्रकारों के लिए वीजा नियमों को सख्त कर दिया है। इस कदम से बड़ी संख्या में भारतीयों पर असर पड़ने की संभावना है। इस नियम के तहत, 'एफ' श्रेणी के वीजा धारकों के लिए समय-सीमा को 60 दिनों से घटाकर 30 दिन कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- विधानसभा, लोकसभा में जनता ने हमें आशीर्वाद दिया,नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव में भी हमलोग जीते, क्या उस जनता के खिलाफ यह अविश्वास प्रस्ताव है। क्या उन किसानों के प्रति अविश्वास है जिन्हें हम 3100 दे रहे हैं,क्या उन 70 लाख माताओं के प्रति अविश्वास है जिन्हें महतारी वंदन दे रहे हैं। ढाई साल हो गए हैं सिर्फ औपचारिकता पूरी करने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। सत्य परेशान हो सकता है मगर पराजित नहीं हो सकता है। झूठ बोलने में अगर पीएचडी होता तो ये बहुत विद्वान हो जाते। एक गांव का आदिवासी बेटा मुख्यमंत्री है यह पच नहीं रहा है। सिर्फ वोटबैंक के रूप में कांग्रेस ने आदिवासियों को इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की देश में इतनी बडी आबादी है 70 साल में आप लोगों को याद ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्ष कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 14 घंटे से अधिक समय तक बहस होती रही। आखिरकार लंबी बहस, आरोप- प्रत्यारोप के बाद अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- हमारी सरकार के कार्यकाल को ढाई साल पूरे हो गए हैं, विपक्ष ने जो अविश्वास प्रस्ताव लाया है वह महज औपचारिकता है। इस चर्चा की शुरुआत में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने 136 बिंदुओं का आरोप पत्र पेश करते हुए कहा, ये सिर्फ मेरा आरोप नहीं, ये आम जनता का आरोप है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- अविश्वास प्रस्ताव नाकामी के दस्तावेज

डॉ महंत ने कहा - साय सरकार को अब तक 136 हफ्ते हो गए हैं। ये अविश्वास प्रस्ताव किसान, महिलाओं, युवाओं के खिलाफ रचे गए हर हफ्ते के षड्यंत्र का दस्तावेज है। हर हफ्ते का एक पाप, हर हफ्ते का एक धोखा, हर हफ्ते की नाकामी का पूरा दस्तावेज पेश कर रहे हैं। 1963 में जब आचार्य जेपी कृपलानी ने नेहरू सरकार के विरुद्ध लोकसभा में पेश किया था, तब खुद नेहरू जी ने उसका स्वागत करते हुए कहा था कि सरकार के ख़िलाफ़ लोकतंत्र में ऐसी बहस होती रहे। ये अच्छी परम्परा है। 1979 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को ये आभास हुआ कि सदन में उनकी स्थिति ▶▶ शेष पेज 5 पर



इन पंक्तियों के साथ सीएम साय ने समाप्त की अपनी बात- जनता की अदालत सबसे बड़ी होती है। वहां न छल चलता है, न बहाना चलता है। बहुत- बहुत धन्यवाद!





### सरकार कौन चला रहा है-भूपेश

अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पहला हमारा आरोप है यह सरकार 13 दिसंबर को बनी उसके पहले 11 दिसंबर को हसदेव का पेड़ काटने का आदेश दिया। इससे ही लोगों को समझ आ गया कि सरकार कौन चला रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता तक यह बात कहते हैं, यहीं से सरकार कौन चला रहा है। हमारे सत्ता पक्ष के साथियों ने जो बोला उसमें पुराना रिकार्ड चल रहा था, ऐसा लग रहा था कि वो हमारे बारे में अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं। श्री बघेल ने कहा, हम लोग वहीं धान खरीदी के बारे में सुन रहे थे; जो 2003 में हुई थी। आज किसानों की रकबा कटौती नहीं हुई; किसान, पोर्टल से परेशान है; आज तो पहले से ज्यादा परेशानी में है; नेता प्रतिपक्ष ने बहुत अच्छा आरोप पत्र तैयार किया है; धान उठाव ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गरीबों का आवास रोकने वाली थी पिछली सरकार: शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार पर सबसे बड़ा हमला करते हुए कहा कि तत्कालीन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वयं कई बार मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गरीबों को आवास नहीं दिला पाने की विवशता व्यक्त की थी और इसी कारण उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा भी दिया था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने गरीबों का आवास रोकने और उनका अधिकार छीनने का काम किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान मे हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। पिछले ढाई वर्षों में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान कर आवास निर्माण को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शराब, कोयला घोटाले का जिक्र

श्री शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार की शराब नीति स्वयं एक नीतिगत घोटाला थी, जिसके कारण कई प्रभावशाली लोगों को जेल जाना पड़ा। हमारी सरकार आते ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उस पूरी भ्रष्ट व्यवस्था को चिमटे से उठाकर उखाड़ फेंकने का कार्य किया और पारदर्शी व्यवस्था लागू की। कोयला घोटाले में भी ऑनलाइन व्यवस्था समाप्त कर ऑफलाइन प्रणाली लागू की गई ताकि कमीशनखोरी हो सके। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती घोटाला युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार नीति का हिस्सा बन चुका था।

मदनी चौक संजय नगर की घटना, पति-पत्नी सहित तीन बच्चों की मौत

# आर्थिक तंगी ने ली पूरे परिवार की जान, घर पर मिली 5 लाशें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के संजय नगर में एक ही परिवार के पांच सदस्य शुक्रवार देर रात घर पर मृत मिले। शुरुआती जांच में घर के मुखिया साजिद द्वारा अपनी पत्नी व तीन बच्चों को जहर देने के बाद स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। परिवार यहां किराए के मकान में रहता था। सूत्रों के अनुसार, परिवार आर्थिक तंगी में था। कर्ज लेने की बात भी सामने आ रही है। इसे लेकर आए-दिन उनके मध्य विवाद भी होते रहता था। मौके से पुलिस को कोई खत नहीं मिला है। मृतकों के परिवार को सूचित कर दिया ▶▶ शेष पेज 5 पर



### चार शव जमीन पर

एक शव फंदे पर जबकि चार शव जमीन पर मिले हैं। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। कोई सुसाइड नोट अब तक नहीं मिला है। जांच जारी है।

- राहुल देव शर्मा, एडिशनल डीसीपी, पश्चिम जोन

### नहीं मिली कभी कोई शिकायत, हंसमुख था साजिद

घर पूर्व महापौर एजाज ढेबर के पीए सैयद उमेर का है। मकान मालिक सैयद ने हरिभूमि को बताया कि करीब डेढ़ साल पूर्व परिवार यहां किराए से रहने आया था। उनके संदर्भ में पड़ोसियों से अथवा किसी से कभी कोई शिकायत नहीं मिली। जब भी वो बात करता था, मुस्कुराते हुए ही बात होती थी। वे इस घर को बेचना चाह रहे हैं। इसके लिए पिछले एक-दो साल से खरीदार ढूंढ रहे थे। साजिद से इसी सिलसिले में चार दिन पूर्व बात हुई थी। मृतक ने मकान बिक्री के संदर्भ में किसी से बात होने और उन्हें सूचित करने की बात कही थी। मकान मालिक के अनुसार, वे मूल रूप से मठपुरैना के रहने वाले थे।

### मौदहापारा में बैटरी बनाने का काम

शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक मौदहापारा की एक दुकान में बैटरी रिपेयर का काम करता था। पड़ोसियों ने बताया कि परिवार का कोई भी सदस्य किसी से अधिक बातचीत नहीं करता था। सभी अपने काम से काम रखते थे। ऐसे में उन्हें उनकी समस्याओं के बारे में कभी कोई जानकारी नहीं हुई। पड़ोसियों को भी घटना की जानकारी पुलिस के आने के बाद ही हुई। एफएसएल टीम द्वारा देर रात तक घटनास्थल की जांच की जाती रही।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

## 'वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने से खत्म नहीं होती नागरिकता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वोटर लिस्ट के स्पेशल रिवीजन के दौरान वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के बाद लोगों ने नागरिकता को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है। इसे लेकर अब सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने से नागरिकता अपने आप खत्म नहीं हो जाती। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि इसके लिए अलग प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी याचिका पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### याचिका में की गई यह मांग

याचिका में पश्चिम बंगाल एसआईआर के विधानसभा क्षेत्र के आधार पर जानकारी मांगने की अपील की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर अगली सुनवाई अब 25 अगस्त को करेगा। सुप्रीम कोर्ट पहले भी यह साफ कर चुका है कि नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का काम नहीं है। वोटर लिस्ट और एसआईआर का नागरिकता से कोई सीधा नाता नहीं है।

# शेफाली के घर से 30 लाख रुपए मिले थे, उसके बाद ईडी ने कसा शिकंजा

*शैफाली से दूसरे दिन भी पूछताछ की चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप



महादेव सट्टा एप का प्रमोशन करने वाली जिस टीवी एंकर, होस्ट तथा टेलीग्राम में चैनल चलाने वाली शेफाली बग्गा के साथ ईडी ने पूछताछ की है, उनके दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने 30 मई को छापा मारा था। पड़ताल के दौरान उनके निवास से ▶▶ शेष पेज 5 पर


चार्जशीट में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के अलावा बेटिंग सिंडिकेट पैनल से जुड़े लोगों के नाम शामिल

महादेव सट्टा एप में छह और चार्जशीट

6000 करोड़ का मामला, 66 आरोपी

### जांच में सहयोग करने कहा गया

शेफाली को पूछताछ करने जब जरूरत पड़ेगी,आने के लिए कहा गया है। साथ ही बगैर सूचना देश से बाहर नहीं जाने की हिदायत दी गई है। पूछताछ के बाद शेफाली ईडी कार्यालय से गुरुवार देर रात लौटी, तब वह मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचती नजर आई।

### सट्टेबाजों ने सेलिब्रिटी को एप का चेहरा बनाया

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप सहित अन्य सट्टा एप संचालित करने वाले प्रमोटरों ने सट्टा संचालित करने सेलिब्रिटी तथा चर्चित फेस को अपना चेहरा बनाया। उन लोगों ने सेलिब्रिटी को आगे कर अपने सट्टे का प्रमोशन 1कराने का काम किया। इस कारण देश में महादेव सहित अन्य ऑन लाइन बेटिंग एप का तेजी से प्रचार हुआ। इसी क्रम में जिन चर्चित सेलिब्रिटी ने ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का प्रचार किया।

वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, रुद्राभिषेक और रामार्चन किया जा रहा, 10 दिन चलेगा अनुष्ठान

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर प्रायश्चित पूजन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रायश्चित्त पूजन शुरू कर दिया है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों मानते हैं कि मंदिर में दान की चोरी व्यवस्था में हुई चूक के कारण हुई है। इस अपराध के लिए ट्रस्ट ने विधि विधान से शुद्धिकरण के बाद क्षमा याचना के लिए विशेष अनुष्ठान का आयोजन शुरू कर दिया है। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर कुल 70 वैदिक आचार्य इस पूजन में शामिल हैं।

### मंदिर की पवित्रता बनाने पूजन

राम मंदिर में के गर्भगृह और परकोटा सहित मंदिर मंदिर परिसर के कई स्थानों पर यह 10 दिवसीय प्रायश्चित पूजन एक साथ चल रहा है। इसमें शामिल आचार्य वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, रुद्राभिषेक और रामार्चन कर रहे हैं। मान्यता है कि किसी भी प्रकार की अपवित्रता या चोरी जैसी घटनाएं होने पर मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रायश्चित पूजन किया जाता है।



### राम मंदिर परिसर में 10 दिवसीय अनुष्ठान

अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में कथित चढ़ावे की चोरी से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भारी बदनामी हुई है। इससे देश-विदेश के श्रद्धालुओं को ठेस पहुंची है। ट्रस्ट के पदाधिकारी भी इस घटना से आहत हैं। उन्होंने वैदिक परंपरा का पालन करते हुए इस घटना के लिए प्रायश्चित शुरू किया है।

### शंकराचार्य ने उठाए पूजन पर सवाल

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी की घटना के बाद शुरू किए गए प्रायश्चित्त पूजन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रायश्चित्त क्या होता है, पहले इस पर स्पष्टता होनी चाहिए। प्रायश्चित्त उस व्यक्ति का होता है, जिसे अपने पाप का बोध हो जाए और वह स्वीकार करे कि 'मैंने यह पाप किया है, मुझे इसके दंड से बचाइए।' सबसे पहले यह पता चलना चाहिए कि किस व्यक्ति को अपने पाप का बोध हुआ है और वह पाप क्या है।

# महतारी वंदन योजना में ईकेवाईसी नहीं होने से भुगतान रोकने पर सदन में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल में महतारी वंदन योजना को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। योजना से 1.55 लाख महिलाओं के नाम हटने और लाभार्थियों की संख्या 70.09 लाख से घटकर 68.54 लाख होने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि नाम, मृत्यु, ई-केवाईसी नहीं होने, आयकरदाता बनने और अपात्र होने जैसी वजहों से हटाए गए हैं। जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, 1 लाख 55 हजार 655 लोगों को महतारी वंदन का लाभ नहीं मिल रहा है। कुल 55 हजार नाम काटे गए हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, जिनको पैसा नहीं मिल रहा है, उसमें कुछ मृत हैं। कुछ का केवायसी नहीं हुआ है, इस कारण पैसा नहीं दिया जा रहा है। विधायक ने पूछा कि 1 लाख लोगों को जिनको पैसा नहीं मिल रहा है, वे कौन लोग हैं। मंत्री ने कहा, पहली किस्त के बाद, जो अपात्र मिले उनका भुगतान रोका गया।

### ढाई साल हो गए, कब नए नाम जुड़ेंगे

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि महतारी वंदन जब से शुरू हुआ है, तब से यह पोर्टल बंद है। सरकार के ढाई साल पूरे हो गए हैं। जो नए लोग हैं, उनका नाम कब जोड़ा जाएगा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, पोर्टल कब खुलेगा, इसकी चिंता कांग्रेस के लोग ना करें। मंत्री के जवाब पर सदन में विपक्ष ने नारेबाजी की। महिलाओं के साथ अन्याय करना बंद करों के नारे लगा रहे विपक्ष के विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### महतारी वंदन से 1.55 लाख नाम कटे








### महतारी वंदन योजना के लिए जल्द खुलेगा पोर्टल



विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा कि जो महिलाएं महतारी वंदन योजना से वंचित हैं, उसके लिए सरकार क्या करेगी। मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा, महतारी वंदन योजना के लिए जल्द पोर्टल खोला जाएगा और उन महिलाओं को भी लाभ दिया जाएगा जो छूट गई हैं।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने बनाई एसएसपी की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल




**अंबिकापुर।** साइबर ठगों के हौसले किस कदर बुलंद है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब अपराधी पुलिस अधीक्षक की फेक आईडी बनाने से भी बाज नहीं आ रहे है। ताजा मामला सरगुजा से सामने आया है जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल का फर्जी फेसबुक आईडी बना लिया गया। इस मामले का खुलासा होने के बाद एसएसपी की ओर से साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। साइबर ठग अब पुलिस विभाग के आला अधिकारी का ही फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी का प्रयास कर रहे है। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल का फर्जी फेसबुक आईडी बनाने का मामला भी शुक्रवार को सामने आया है। साइबर ठगों द्वारा फर्जी आईडी बनाई गई और उसमें एसएसपी श्री अग्रवाल की फोटो और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की फोटो लगाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर चैट में मोबाइल नंबर मांगा जा रहा है। इस बात की जानकारी लगने के बाद एसएसपी श्री अग्रवाल ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है और मेटा कंपनी को भी इसकी सूचना दी गई है। एसपी ने लोगों से साइबर ठगों से सतर्क रहने और ठगी होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की।

अमृत भारत स्टेशन योजना, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सरोना, बालोद और चांपा स्टेशन का लोकार्पण

# सरोना को मिली नई पहचान, यात्रियों ने उठाया आधुनिक सुविधाओं का लाभ, पीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर कैंट से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सरोना, बालोद और चांपा रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। सरोना रेलवे स्टेशन में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पुनर्विकसित सरोना, बालोद और चांपा रेलवे स्टेशन विकसित भारत की उस नई सोच का प्रतीक है, जहां यात्रियों को अब विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रायपुर मुख्य रेलवे स्टेशन के साथ अब सरोना स्टेशन एक महत्वपूर्ण सहायक स्टेशन के रूप में विकसित होगा। इससे रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ के लाखों यात्रियों को बेहतर सुविधाएं तथा सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मेरे शहर का स्टेशन विकसित भारत में कैसा होगा विषय पर आयोजित ड्राइंग, निबंध, नृत्य एवं सेल्फी विद स्टेशन प्रतियोगिताओं के प्रतिभाशाली विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### यात्रियों ने किया स्टेशन का भ्रमण

लोकार्पण के बाद यात्रियों ने पूरे स्टेशन का भ्रमण कर वहां विकसित की गई सुविधाओं का अवलोकन किया और उनका उपयोग भी किया। अब एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए यात्रियों को भारी सामान लेकर सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेंगी, क्योंकि रेलवे ने लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके अलावा स्वच्छ शौचालय, पेयजल, वेटिंग हॉल और प्लेटफॉर्म की साफ-सफाई ने भी यात्रियों को प्रभावित किया।

### फूलों और तिरंगे गुब्बारों से सजा स्टेशन

लोकार्पण के अवसर पर पूरे स्टेशन को फूलों और तिरंगे रंग के गुब्बारों से सजाया गया था। लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित सरोना स्टेशन की हाई-टेक सुविधाओं को देखकर यात्रियों ने भी सराहना की। यात्रियों का कहना था कि रेलवे ने पहले असुविधाओं वाले इस स्टेशन को अब राजधानी के रेलवे स्टेशन जैसी सुविधाओं से सुसज्जित कर दिया है। वर्षों से सरोना स्टेशन से यात्रा कर रहे यात्री वेदांत निषाद ने कहा कि वह 1986 में स्टेशन बनने के समय से यहां से सफर कर रहे हैं। अब यात्रियों को धूप और बारिश से बचते हुए यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। वहीं छात्रा साक्षी साहू ने कहा कि पूरे स्टेशन में बेटी विषय पर आधारित रंग-रोगन किया गया है।

### विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को मिली नई मजबूती : सीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेल अधोसंरचना का व्यापक आधुनिकीकरण हो रहा है और इसका प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के चांपा, बालोद एवं सरोना रेलवे स्टेशनों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण प्रदेश के रेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस जनहितकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति सोशल मीडिया में पोस्ट कर आभार व्यक्त करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से छत्तीसगढ़ में आधारभूत अधोसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक नागरिक तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इन रेलवे स्टेशनों के विकसित होने से यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

# नवा रायपुर के लिए सरकार के रेस्को माडल को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी भी मिल गई है। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार कर प्रस्ताव भेजा, तो इसको राज्य सरकार ने रेस्को मॉडल में पूरा करने के लिए कहा है। देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है।

- क्रेडा ने बनाई अलग-अलग विभागों के लिए योजना राज्य सरकार से मिली मंजूरी



### 18 विभागों के लिए योजना

नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है, लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट की योजना तैयार की है।

### रेस्को मॉडल में लगाने की अनुमति

नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था, राज्य सरकार ने रेस्को मॉडल में इस योजना को पूरा करने की अनुमति दी है। **- भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष, क्रेडा**

# उपनिरीक्षक सस्पेंड, आबकारी अधिकारी के नाम नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



जिले में मदिरा दुकानों में तय कीमत से अधिक दर पर शराब बेचने के गंभीर मामले सामने आने के बाद राज्य आबकारी विभाग ने बेहद सख्त कदम उठाया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी पृथक आदेशों के तहत एक तरफ जहां संबंधित वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ शिथिल नियंत्रण और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग की टीम द्वारा मदिरा दुकानों के किए गए औचक निरीक्षण और छद्म ग्राहकों के माध्यम से कराई गई जांच में यह पूरी गड़बड़ी खुलकर सामने आई है। पहली बड़ी अनियमितता 2 जुलाई को मंडी बाइपास लखोली रोड स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान में पाई गई, जहां पदस्थ मल्टीवर्कर शुभम कुमार भोईर ने शासन द्वारा निर्धारित एक सौ बीस रुपए प्रति नग वाली 20 जम्मू स्पेशल व्हिस्की की बोतलें 2400 रुपए के स्थान पर 2500 रुपए में बेच दी। इसी तरह की दूसरी बड़ी गड़बड़ी रेवाडीह स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान क्रमांक एक में पकड़ी गई, जहां सेल्समैन हरीश साहू ने सुप्रीम डीलक्स व्हिस्की के 20 नग पाव निर्धारित दर 2400 रुपए के बजाय 2500 रुपए में बेचे।

- शराब दुकानों में ओवररेट बिक्री पर एक्शन

### दो अफसरों पर एक्शन

आयुक्त कार्यालय ने इन मामलों को बेहद गंभीरता से लेते रेवाडीह दुकान के प्रभारी और वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार प्रजापति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके क्षेत्र में इतनी बड़ी अनियमितता पाई गई, जो उनके शिथिल नियंत्रण को दर्शाती है। इसके साथ ही जिला आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा को भी अपने प्रभार क्षेत्र में प्रभावी नियंत्रण न रख पाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

# कलेक्टर निरीक्षण के बाद शिक्षक निलंबित छह शिक्षकों और अधीक्षिका को नोटिस

**बेमेतरा।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने 16 जुलाई को विकासखंड नवागढ़ के विभिन्न स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण किया। एक सहायक शिक्षक को अनधिकृत अनुपस्थिति पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कलेक्टर ने कहा कि अध्यापन अवधि में पुस्तक स्कैनिंग या अन्य गैर-शैक्षणिक कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नवागढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) सुरेन्द्र कुमार बारले बिना पूर्व सूचना के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, उन्हें निलंबित कर दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अधीक्षिका चन्द्रप्रभा बंजारे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नांदल के शिक्षक सुमेन्त खरे, तुलाराम हीरवानी, जग्गु राम चन्द्राकर, अनिता भानु, विजय प्रताप सिंह भारद्वाज तथा प्रधान पाठक शिवकुमार ध्रुव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

- पढ़ाई छोड़ पुस्तक स्कैनिंग करते मिले

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार दो की मौत

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के रायकोट मुख्य मार्ग में शुक्रवार शाम कोड़ेनार से जगदलपुर की ओर आ रहा तेज रफ्तार ट्रक व तोकापाल से रायकोट की ओर जा रही ट्रैक्टर के बीच सीधी टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार जयसिंह पोयाम और आयातु कवासी की मौत हो गई। वहीं पोडिया पोयाम, पीलुराम मंडावी सहित अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथेरैपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
शनिवार 18 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 357
पृष्ठ : 12+4+4= 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 26.0

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



4 हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते
विचार पेज 2 अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

# इंदौर से शुरू हो चुकी आबूधाबी की सीधी फ्लाइट, रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की बरसों से चर्चा ही उड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पड़ोसी राज्य मप्र के इंदौर एयरपोर्ट से अबूधाबी की सीधी फ्लाइट शुरू हो चुकी हैए मगर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विमानतल से अब तक कोई भी इंटरनेशनल फ्लाइट उड़ान नहीं भर पायी है। छत्तीसगढ़ से हर महीने औसतन 2 हजार यात्री दूसरे देशों की यात्रा करते हैं। इसके बावजूद रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू किए जाने का दो साल से आश्वासन ही मिल पाया है। रायपुर से दुबई, बैंकाक, सिंगापुर जैसे देशों के लिए सीधी विमान सेवा शुरू करने की यहां काफी जरूरत है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को भले ही अंतर्राष्ट्रीय विमानतल का दर्जा दिया जाता ▸▸|शेष पेज 5 पर

## छत्तीसगढ़ से हर महीने औसतन 2 हजार यात्री करते हैं दूसरे देशों का सफर

### कार्गो हब की डिमांड भी ठंडी

करीब दो साल पहले केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने रायपुर से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने पर सहमति जताई थी। इसके साथ ही रायपुर को कार्गो हब बनाने पर भी सहमति बनी थी। यहां से कोई भी इंटरनेशनल फ्लाइट उड़ान नहीं भर पाई है, वहां कार्गो सेवा डोमेस्टिक फ्लाइट तक सीमित है। यात्री विमानों के जरिए रायपुर से कुछ चुनिंदा शहरों के लिए आवश्यक सामान का आयात-निर्यात किया जाता है। रायपुर को केंद्रीय कार्गो हब में विकसित करने से कृषि और बागवानी उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।



### दूसरे शहरों के भरोसे सफर

वैसे तो छत्तीसगढ़ से अन्य देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। सीधी फ्लाइट नहीं होने की वजह से उन्हें दूसरे बड़े एयरपोर्ट के भरोसे रहना पड़ता है। अपनी विदेश यात्रा शुरू करने उन्हें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद के विमानतलों का सहारा लेना पड़ता है। इसके लिए उन्हें ज्यादा सफर के साथ अतिरिक्त पैसे और समय खर्च करना पड़ता है। सीधी फ्लाइट शुरू होने से यात्रियों की इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

**इनका कहना**

### काफी जरूरत

यात्रियों की संख्या को देखते हुए रायपुर से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने की काफी जरूरत है। यहां से बैंकाक, दुबई, सिंगापुर जैसे देशों की विमानन कंपनियों को अच्छा ट्रैफिक मिलेगा। संभावनाओं के आधार पर विमानन कंपनियों को इस संबंध में सुझाव भेजा जाता रहा है।

- **रमन जादवानी**, संचालक, अजय ट्रैवल्स एवं पूर्व चैयरमैन सीजी ''ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया''

### विमानन कंपनियों को प्रस्ताव

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट शुरू करने विभिन्न कार्य पूरे करने चर्चा की जाती है। एयरपोर्ट प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वह विमानन कंपनियों को इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने प्रस्ताव भेजे। इसके अलावा देश के अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट शुरू करने पर चर्चा की जाती है।

- **मोतीलाल साहू**, विधायक एवं सदस्य विमानतल सलाहकार समिति

लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की अमेरिकी सेना ने, पुलों, विद्युत उपकरणों पर अटैक

# अमेरिका ने भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को बनाया निशाना, गिरा आइकॉनिक टॉवर

- भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है यह पोर्ट, खतरे में अरबों रुपए और रणनीतिक निवेश
- ईरान ने भी पलटवार करते हुए कतर, जार्डन में अमेरिकी बेस पर किए मिसाइल हमले

अमेरिका ने शुक्रवार तड़के ईरान के खिलाफ अपने हवाई हमलों का दायरा बढ़ाते हुए और अधिक पुलों, विद्युत उपकरणों को निशाना बनाया तथा एक प्रमुख ईरानी बंदरगाह पर स्थित टावर को ध्वस्त कर दिया। इन हमलों में ओमान की खाड़ी पर स्थित भारत के निवेश वाले चाबहार बंदरगाह पर एक टावर भी ढह गया। इसके जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में कतर, जार्डन समेत अमेरिका के सहयोगी देशों पर फिर मिसाइल हमले किए और चेतावनी दी कि उसके हमले आगे और तेज होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में इस पोर्ट का आइकॉनिक मैरीटाइम ट्रैफिक कंट्रोल टावर ध्वस्त हो गया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। सेंटकॉम ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, ▸▸|शेष पेज 5 पर

### चाबहार का भारत और दुनिया के लिए महत्व

*चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है। चाबहार तेहरान का मुख्य समुद्री गेटवे है जो होर्मुज स्ट्रेट से होकर नहीं गुजरता है। चाबहार का ट्रैफिक कंट्रोल तबाह होने से शिपिंग में रुकावट आ सकती है।*



### भारत ने किया है 11 अरब का निवेश

चाबहार में भारत 120 मिलियन डॉलर यानी कि लगभग साढ़े 11 अरब रुपये का तगड़ा निवेश कर चुका है। 2024 में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ने ईरान के साथ 10 वर्ष का संचालन समझौता किया था, जिसके तहत लगभग 37 करोड़ डॉलर तक के निवेश और विकास की योजना बनाई गई थी। चाबहार पोर्ट में दो टर्मिनल हैं। शाहिद बेहेश्ती और शाहिद कलंतरी. इन टर्मिनल में कई बर्थ और कार्गो संभालने की आधुनिक सुविधाएं हैं। भारत सरकार की कंपनी 'इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड' 2018 से शहीद टर्मिनल का कामकाज संभाल रही है।

### शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल पूरी तरह सुरक्षित: जायसवाल



अमेरिका के ईरान पर किए गए मिसाइल हमलों में भारत के भारी-भरकम निवेश से बनाए गए चाबहार बंदरगाह से जुड़े 'शहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल' को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। वहीं, बंदरगाह के विकास को लेकर दी गई अमेरिका की छूट की समयसीमा भी अब समाप्त हो गई है। जिसे देखते हुए मामले को आगे बढ़ाने के लिए भारत सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। जिसमें उनसे यह पूछा गया था कि क्या अमेरिका की एयरस्ट्राइक में चाबहार के शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को भी नुकसान पहुंचा है?

पीएम मोदी ने जींद से दिखाई हरी झंडी

# ऐतिहासिक पल, भारत में पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू



### हाइड्रोजन ट्रेन शुरू करने वाला दुनिया का पांचवां देश बना हिंदुस्तान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारत में पहली हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत हो गई है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू करने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया। इससे पहले जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा- यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। इस ▸▸शेष पेज 5 पर

### 'मेक इन इंडिया' का सफल उदाहरण

ट्रेन को झंडी दिखाने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने हाइड्रोजन चालित ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक सफल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आज भारतीय रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है और जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन चालित ट्रेन है। यह कदम रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पीएम ने की हरियाणा सीएम सैनी की सराहना

जींद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की डबल इंजन सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार यहां के नौजवानों, किसानों, बहनें-बेटियां, सबके लिए बेहतरीन काम कर रही है। बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देने का जो रास्ता हरियाणा सरकार ने दिखाया है, वो इतना आसान नहीं था, लेकिन ये भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। हरियाणा अब तेज़ विकास के पथ पर दौड़ रहा है।

## तीसरी बार नीट परीक्षा में असफल होने पर छात्रा ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- देर रात तक परिवार के साथ रहने के बाद अपने कमरे में जाकर दे दी जान

बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल खासपारा निवासी छात्रा ने बीती रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह नीट में इस बार भी चयन नहीं होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल खासपारा में रहने वाली 20 वर्षीया छात्रा ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि लगातार 3 बार नीट देने के बावजूद सफलता नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक सुरला हरिका राव नायडू (20 वर्ष) बीते 3 साल से नीट की तैयारी करने के साथ ही हर बार परीक्षा दे रही थी। बीती रात नीट का रिजल्ट आया। रात को परिजनों के साथ खाना खाने के ▸▸|शेष पेज 5 पर

## सीबीएसई ऑन-स्क्रीन मार्किंग पर केंद्र से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट सख्त, जताई गंभीर चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर उठे सवालों पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से छात्रों को परेशानी होने की आशंका है और इस संबंध में केंद्र सरकार से विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कुछ ऐसी समस्याएं दिखाई दे रही हैं।

*गुजरात एटीएस का बड़ा एक्शन*

## जैश-ए-मोहम्मद के 5 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) को पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पहले आठ संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अब जांच के दौरान उनके संपर्क में रहे पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, ये सभी पिछले छह ▸▸|शेष पेज 5 पर



### अब स्लीपर सेल की खोज

एटीएस का मानना है कि यह नेटवर्क गुजरात में सक्रिय होकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन आरोपियों के संपर्क देश और विदेश में किन-किन लोगों से थे और उन्हें किस तरह का सहयोग मिल रहा था।

**भेजे गए रिमांड पर**

एटीएस ने सभी आरोपियों को मेहसाणा जिले की कडी कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट आर. एम. भाटिया के सामने पेश किया। अदालत ने पूछताछ के लिए सभी आरोपियों को 24 जुलाई तक एटीएस की रिमांड पर भेज दिया है। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि मामले में कई महत्वपूर्ण सबूत अभी बरामद होने बाकी हैं।

वांगचुक का नया वीडियो आया सामने

## '20 जुलाई तक संसद मार्च के लिए तो जिंदा रहूंगा ही'



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई मांगों को लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। वांगचुक का सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं 20 जुलाई तक जिंदा रहूंगा। जिससे आप सभी के साथ संसद तक मार्च कर सकूं। अगर 20 जुलाई को हमारा मार्च सफल नहीं रहा तो फिर भूतकर बनकर वापस आऊंगा।'

### 20 दिन से हैं हड़ताल पर

बता दें कि सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के सदस्य पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ-साथ कई और पार्टियों ने वांगचुक को समर्थन दिया है। वांगचुक पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, जिसकी वजह से उनका वजन लगातार घट रहा है। शुक्रवार को डॉ. सतीश लांबा ने कहा, 'यह भूख हड़ताल का 20वां दिन है।



पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
RAIPUR: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | AVANTI VIHAR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | RAJNANDGAON: NH56 GRAM MANKI, SPARSH AUTOMOBILES: 7828229587, 7701004359 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390 | JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है। छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है।

## चिंतन

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्त्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।



# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

विक्रम-1 रॉकेट
महेन्द्र तिवारी

> भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती




है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी।

( लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



संकलित
प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही?

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। - **पुनीत अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के ज़रिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### जन आरोग्य मंदिर



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाज़ों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति



जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत



यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे ज़्यादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी।

## ऑफ बीट

### भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

16 जनवरी 2024 की सुबह धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की कॉलोनी में रहने वाले 33 वर्षीय राजेश विश्वास का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट नहीं थी, इसलिए पहली नजर में मामला हार्टअटैक से मौत का लग रहा था। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा शुरू किया, लेकिन तभी जांच अधिकारियों की नजर राजेश के सीने पर बने छह बेहद बारीक सुई जैसे निशानों पर पड़ी। यही निशान इस पूरे मामले की दिशा बदलने वाले साबित हुए।



हत्या की साजिश

# पत्नी ने दोस्तों के साथ मिलकर लिखी पति की मौत की पटकथा

## हार्ट अटैक का भ्रम, सीने पर छह निशान... पत्नी की खामोशी ने खोला इंजेक्शन से किए गए कत्ल का राज

● रायगढ़ से प्रतीक मिश्रा

मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई। डॉक्टरों ने जिन स्थानों पर सुई के निशान मिले थे, वहां अंदरूनी अंगों में गंभीर क्षति पाई। विशेष रूप से हृदय पर चोट और आंतरिक रक्तस्राव के कारण मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद थाना प्रभारी अमित तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी जानकारी दी। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देश पर एसडीओपी दीपक मिश्रा की निगरानी में विशेष जांच और साइबर टीम गठित की गई। इस मामले में



जांच आगे बढ़ी तो सबसे ज्यादा संदेह मृतक की पत्नी प्रिया विश्वास पर गया। पुलिस ने उसका मोबाइल खंगाला तो बड़ी मात्रा में डिलीट किया गया डेटा मिला। साइबर टीम ने उसे रिकवर किया, जिसमें घटना से पहले और बाद की बातचीत तथा गतिविधियों ने पुलिस के शक को और मजबूत कर दिया। लगातार पूछताछ के बाद प्रिया टूट गई और उसने पति की हत्या की पूरी साजिश कबूल कर ली। पूछताछ में सामने आया कि कुछ महीने पहले राजेश लीवर की बीमारी के इलाज के लिए रायपुर के बालाजी अस्पताल में भर्ती था। वहीं प्रिया की पहचान ट्रामा स्टाफ नर्स फिरीज यादव उर्फ कृष पिता उर्फ बब्लू उर्फ त्रिस यादव पिता बालेश्वर यादव (24), निवासी गोपाल भौना थाना कोसीर से हुई। सोशल मीडिया पर खुद को डॉक्टर बताने वाला फिरीज कथित रूप से लोधीपारा इलाके में फर्जी क्लिनिक भी संचालित करता था।

**घरेलू प्रताड़ना से त्रस्त होकर करवाई हत्या :** उसने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया कि पति की शराब की लत और रोजाना घरेलू प्रताड़ना से परेशान प्रिया अपनी परेशानियां फिरीज से साझा करती थी। उसने फिरीज को अपने पति से छुटकारा पाने की भी बात कही थी। इसी दौरान प्रिया की पड़ोसन और करीबी सहेली पायल उर्फ मोनी विश्वास पति संजय विश्वास (28), निवासी धरमजयगढ़ कॉलोनी भी फिरीज के संपर्क में आ गई। बाद में चारों ने मिलकर राजेश को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

### एनेस्थिसिया का ओवरडोज देकर हत्या करने बनाई योजना

राजेश की पत्नी प्रिया ने अपने प्रेमी फिरीज सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर राजेश को एनेस्थिसिया का ओवरडोज देकर हत्या करने की योजना बनाई, ताकि मौत हार्टअटैक जैसी दिखाई दे। इस योजना के तहत 14 जनवरी की रात फिरीज बस से धरमजयगढ़ पहुंचा। उसके ठहरने की व्यवस्था पायल उर्फ मोनी विश्वास ने नकद और फोन-पे से पैसे देकर कराई। शेख मुईन राजा पिता शेख अकरम परवेज (20), निवासी बेहरापारा धरमजयगढ़ ने अपनी पहचान का इस्तेमाल करते हुए होटल सीएम पार्क में फर्जी नाम से कमरा बुक कराया। इसके बाद चारों आरोपी व्हाट्सएप कॉल के जरिए लगातार संपर्क में रहे और 15 जनवरी की रात तक राजेश की गतिविधियों पर नजर रखते रहे।




### वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीक ने दिया मात

पुलिस ने इस मामले में हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं 302, 201 और 120-बी के तहत अपराध दर्ज कर मृतक की पत्नी प्रिया विश्वास, उसकी सहेली पायल विश्वास, शेख मुईन खान और फिरीज यादव उर्फ कृष को गिरफ्तार कर लिया। प्रिया और पायल को धरमजयगढ़ से, मुईन खान को छाल-हाटी रोड पर घेराबंदी कर तथा रायपुर में छिपे फिरीज यादव को रायपुर पुलिस की मदद से दबोचा गया। सूक्ष्म जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों और साइबर तकनीक के दम पर धरमजयगढ़ पुलिस ने एक ऐसी हत्या का पर्दाफाश किया, जिसे बेहद शातिर तरीके से प्राकृतिक मौत साबित करने की कोशिश की गई थी।

### गहरी नींद में दिया वारदात को अंजाम

15 जनवरी की देर रात जब राजेश शराब पीकर गहरी नींद में सो गया, तब प्रिया और पायल ने फिरीज और मुईन को घर बुलाया। पायल बाहर निगरानी करती रही, जबकि प्रिया ने पति के पैर और मुईन ने उसके हाथ मजबूती से पकड़ लिए। इसी दौरान फिरीज ने पहले से तैयार एनेस्थिसिया के तीन ओवरडोज इंजेक्शन राजेश के सीने में लगा दिए। करीब 15 मिनट बाद उसकी मौत हो गई। फिरीज ने नब्ज जांचकर मौत की पुष्टि की और चारों आरोपी मौके से निकल गए। उन्हें पूरा भरोसा था कि यह हत्या प्राकृतिक मौत समझी जाएगी, लेकिन अपराधियों की यह चाल पुलिस की बारीक नजर के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी। सीने पर दिखे छह छोटे निशानों से शुरू हुई जांच पोस्टमार्टम, वैज्ञानिक साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण तक पहुंची। मोबाइल से रिकवर किए गए डिलीटेड डेटा और पूछताछ ने हत्या की पूरी साजिश उजागर कर दी।



छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कपसदा (मुरमुंदा/अकोला रोड) में 28-29 सितंबर 2022 में हुई एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज हत्या की वारदात आज भी लोगों के दिल को दहला देती है। इसे कुम्हारी कपसदा हत्याकांड के नाम से जाना जाता है। इस घटना में आपसी घरेली विवाद के चलते आरोपी अपने सगे बड़े भाई, भाभी और उनके दो बच्चों को कुल्हाड़ी से काट डाला। इसके बाद उनके शव को बाड़ी और कमरे में अलग अलग जगह फेंक दिया था। अगली सुबह जब ग्रामीणों ने बाड़ी में चारों के शव खून से लथपथ देखे, तब इस खौफनाक वारदात का पता चला।



● भिलाई से डॉ. संदीप उपाध्याय

# युवक ने भाई, भाभी और दो बच्चों को उतार दिया मौत के घाट

## आज भी दिल को दहला देती है कपसदा की वारदात

सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। पूरे एरिया को सील किया गया। इसके बाद तत्कालीन एसपी अभिषेक पल्लव भी अपने मातहत अधिकारियों व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे औक कई घंटे खुद वहां रुककर मामले की तफ्तीश की। पुलिस को शुरूआती में तो मामला पूरी तरह से ब्लैंक लगा, लेकिन कुछ गवाह और लोगों के बयान से पता चला कि भोलानाथ और उसकी पत्नी की उसके छोटे भाई किस्मत यादव और उसकी पत्नी से नहीं बनती है। उनके बीच अक्सर झगड़ा होता है। छोटा भाई पास में ही एक दूसरे व्यक्ति की बाड़ी को लेकर वहां रखवाली और मजदूरी करता है। पुलिस ने जब किस्मत के यहां जकर पूछताछ की और तलाशी ली तो उन्हें किस्मत के खून लगे कपड़े मिले। जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।





### पुलिस का खुलासा

दुर्ग पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने के लिए कड़ी मशक्कत की। डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और आला अधिकारियों की जांच के बाद जो सच सामने आया, वह बेहद चौंकाने वाला था। इस पूरे सामूहिक हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार भोलानाथ का सगा छोटा भाई किस्मत यादव निकला। उसने अपने दो साथियों (आकाश और टीकम) के साथ मिलकर इस खूनी खेल को अंजाम दिया था।

**हत्या की वजहः** पुलिस जांच के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच काफी समय से मनमुटाव और विवाद चल रहा था। दोनों के परिवारों (पत्नियों) के बीच भी आपसी झगड़े होते रहते थे। वारदात के दिन 16,000 रुपए की मांग को लेकर दोनों के बीच विवाद और बढ़ गया। इसके बाद किस्मत ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पूरे परिवार को खत्म करने की भयानक साजिश रच डाली। आरोपियों ने पहले चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर भोलानाथ और उसकी पत्नी को मौत के घाट उतारा और पकड़े जाने के डर से दोनों मासूम बच्चों को भी नहीं छोड़ा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद किए और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### इनको उतारा था मौत के घाट

**भोलानाथ यादव ( 34)**
मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था और कपसदा में खेत की रखवाली व मजदूरी करता था
**नैना यादव (30)** – भोलानाथ की पत्नी
**प्रमोद यादव** – बेटा (स्कूली छात्र)
**मुक्ता यादव** – बेटी (स्कूली छात्रा)

दोस्ती की खातिर सब कुछ न्योछावर करने के कई किस्से पढ़ने और सुनने मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि दोस्त ही दोस्त का दुश्मन बन जाता है। जिसके घातक परिणाम भी सामने आते रहे हैं। ऐसा ही एक वाकिया डोंगरगढ़ क्षेत्र में हुआ। ग्राम मेढ़ा में एक लड़का मानसी बनकर अपने दोस्त से चैटिंग करने लगा, साथ ही उसने अपने दोस्त से लाखों रुपए भी ऐंठ लिए।




● राजनांदगांव से धन्य कुमार जैन

## दोस्ती में दगाबाजी और खूनी अंत

# लड़की बनकर मोबाइल से करता था दोस्त से बात

डोंगरगढ़ पुलिस को 5 अप्रैल 2024 को सूचना मिली कि ग्राम मेढ़ा नहर में एक युवक की लाश पड़ी है। घटना स्थल पर पुलिस ने पाया कि मृतक के गले पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। ग्राम के पोषण साहू नामक व्यक्ति ने बताया कि मृतक उसके भाई का लड़का है। उसने यह भी बताया कि 3 अप्रैल 2024 को मृतक कमलेश साहू सुबह लगभग 10 बजे अपने दोस्त के साथ एक शादी में जाने के लिए मोटर साइकिल से घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान होने और हत्या की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए आसपास गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण तथा मृतक के बैंक खातों को खंगाला। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस को मृतक के मोबाइल की लोकेशन मेढ़ा में मिली। लोकेशन के आधार पर पुलिस जब उस व्यक्ति के पास पहुंची, जिसके पास मोबाइल था। उस व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि यह मोबाइल देवेंद्र सिन्हा ने उसे दिया था, जिसके बाद पुलिस ने गांव से ही देवेंद्र सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

### पैसों से चुकाया कर्जा

आरोपी ने मृतक कमलेश के मोबाइल व बैग में रखे एक लाख रुपयों को निकाल लिया। बैग को टोलागांव रोड के खेत में जला दिया और जिस चाकू से मारा था, उसे वहीं झाड़ी में छुपा दिया। एक लाख रुपए में से उसने 14,500 रुपए डीजे वाले का और 10 हजार का एक अन्य कर्जा चुकाया। इसके बाद उसने मृतक के मोबाइल का चेटिंग डिलिट कर भूपेन्द्र सिन्हा नामक व्यक्ति को दे दिया जो मेढ़ा का ही रहने वाला था। बाकी रुपए को उसने अपने घर में ही छुपाकर रख दिया।

### कबूल किया गुनाह

पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपी देवेंद्र सिन्हा ने हत्या करने की बात कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि मृतक कमलेश साहू से पहले से उसकी जान पहचान थी। वह पिछले 8 महीने से मानसी बनकर उससे वॉट्सएप पर चैटिंग कर रहा था। तीन अप्रैल को उसने वाट्सएप चेंटिंग कर कमलेश को पैसा लेकर मेढ़ा आने कहा था। सुबह लगभग 11 बजे मृतक कमलेश मेढ़ा आया और दोनों मेढ़ा पुल पर शाम 7 बजे तक बैठे रहे। कमलेश उस समय मानसी का इंतजार कर रहा था, इसी बीच जब उसने देवेंद्र का मोबाइल खंगाला तो पता चला कि मानसी बनकर वह ही उससे बात करता था। यह खुलासा होने पर कमलेश भड़क कर शिकायत दर्ज करने की बात करने लगा, जिससे देवेंद्र डर गया। उसकी बात सुनने के बाद देवेंद्र ने उसी समय कमलेश को मारने का प्लान बनाया। देवेंद्र ने उससे बोला कि वह उससे लिए पैसों को घर से लेकर आ रहा है। इतना कहकर देवेंद्र वहां से चला गया और घर से चाकू लेकर आ गया। शाम लगभग 7 बजे अंधेरा होने पर उसने कमलेश पर चाकू से हमला किया, जिससे कमलेश वहीं गिर गया और उसकी मौत हो गई।

**चाकू, रुपए बरामदः** तत्कालीन एडिशनल एसपी लखनलाल पटले के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिन्हा को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी ने जो रुपए मृतक से लिए थे, उसे भी बरामद कर लिया।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं। रकुल प्रीत सिंह ने आगे कहा, 'हम एक-दूसरे की फिल्म की स्क्रीनिंग या प्रीमियर में जाते थे।

# सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी। कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/ जीवनदीप/ 2026/ 3300 रायपुर/ दिनांक 15/07/2026

**// निरस्तीकरण सूचना //**

मातृ शिशु चिकित्सालय, कालीबाड़ी, रायपुर, एवं जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर में गैर चिकित्सकीय मानव संसाधनों (कर्मचारी ) का आंकलन एवं प्रबंधन हेतु 02 पद, लैब टेक्निशियन एवं 02 पद, लैब अस्सिटेंट अंशकालिक आधार पर कर्मचारियों की नियुक्तियाँ जीवन दीप समिति में 59 दिवस हेतु कार्यालय पत्र क्रमांक/ जीवनदीप/ 2026/ 2011 रायपुर दिनांक 17.04.2026 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है ।

G-262702199/1

## कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
**ब्लॉक - डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/आदि.यो./05/2026-27/2359 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16.07.2026

**शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2026 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा **शहीद वीर नारायण सिंह** की स्मृति में प्रदेश स्तरीय सम्मान की स्थापना की गई है। जिसके अंतर्गत **वर्ष 2026** हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित हैं।

1. **सम्मान का स्वरूपः**- उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटि्टका दी जाएगी, सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति को दी जा सकती है।

2. **आवेदन/ प्रविष्टियां भेजने की समयावधि :-**

2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र/ प्रविष्टियां, समाज सेवी व्यक्ति द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा **दिनांक 14.08.2026 को सायं 5.00 बजे तक सचिव, छ.ग. राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर "ब्लाक-ए" रायपुर छ.ग.** में जमा की जायेगी। उक्त तिथि को निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त प्रविष्टि/आवेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

2.2 योजना नियमावली, विभागीय वेबसाईट **www.cgtribal.gov.in** एवं **https://eklavya.cg.nic.in/** पर उपलब्ध है। 2.3 प्रविष्टियां / आवेदन पत्र के लिफाफे पर "**शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2026**" अंकित होना चाहिए ।

3. **प्रविष्टियां / आवेदन के मापदण्डः**-सम्मान के लिए प्रविष्टियां/ आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-

1. व्यक्ति का पूर्ण परिचय ।
2. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित) ।
5. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रसिध्द पत्र /पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
6. व्यक्ति के निरंतर निर्विवाद होने के संबंध में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र ।
7. चयनित होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने हेतु संबधित सम्मान प्राप्तकर्ता की सहमति।
8. ज्यूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मानदण्डों के अलावा कोई और शर्तें लागू नहीं होंगी ।
10. एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही है।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा पुरस्कार के संबंध में अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दर्शाये गये तथ्यों / निष्कर्षो / प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इससे संबंधित उद्भूत किसी भी विवाद में राज्य शासन पक्षकार नहीं माना जायेगा ।
13. व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देनी होगी कि ज्यूरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

G-262702197/2

## कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

**क्रमांक 1421/नपानि / भंडार / 2026-27 जगदलपुर दिनांक 15/07/2026**

**-::मैनुअल पद्धति निविदा सूचना::-**

नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 (दर स्वीकृति दिनांक से 31 मार्च 2027 अवधि तक) हेतु दर अनुबंध निविदा प्रपत्र "सी" में प्रचार-प्रसार एवं प्रिंटिंग (फ्लैक्स-बैनर) एवं भोजन / जलपान व्यवस्था कार्य हेतु निविदा आमंत्रित हैः-

| क्रमांक | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रचार-प्रसार एवं प्रिंटिंग (फ्लैक्स बैनर) कार्य हेतु । | 750.00 | 20000.00 | 9.95 लाख |
| 2 | भोजन एवं जलपान व्यवस्था | 750.00 | 20000.00 | 9.90 लाख |

उपरोक्त कार्यो की निविदा प्रपत्र "सी" में न्युनतम दर दिनांक 05/08/2026 को सांय 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट /पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदाये दिनांक 06/08/2026 को सांय 4.00 बजे खोले जावेंगे। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 27/07/2026 को कार्यालयीन समय तक कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्ते कार्यालीयन अवधि में निगम कार्यालय या विभागिय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से एवं भंडार शाखा में देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**जगदलपुर**

S-48488/1

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - दुर्ग (छ.ग.)
**Tele-0788-2210301,2210773**
**email- cmodurg@yahoo.com**

**क्रमांक/एन.एच.एम. / 2026 / 6220**
**दुर्ग, दिनांक 16/07/2026**

**// सूचना //**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर./2026/1860 दुर्ग, दिनांक 16.07.2026 के माध्यम से 18 प्रकार के पदों (साईकोलॉजिस्ट-क्लिनिकल प्रोग्राम असोसिएट - एनटीईपी, सोशल वर्कर, एस. टी. एस., लैब सुपरवाईजर, नर्सिंग ऑफिसर व स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट, अकाउंटेंट, टी. बी. एच. व्ही. डेंटल असिस्टेंट, एम.पी.डब्ल्यू (पु.), ऑप्थेल्मिक असिस्टेंट, जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, 2 ए.एन. एम. व ए.एन.एम., क्लास - 4, वार्ड असिस्टेंट व अटेंडेंट, सपोर्ट स्टॉफ - मेंटल हेल्थ यूनिट स्वीपर व हाउसकीपिंग स्टॉफ, सिक्योरिटी गार्ड) हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापित पदों हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट एवं त्रुटिरहित ऑनलाईन आवेदन दिनांक 17.07.2026 से 31.07.2026 तक सायं 5.30 बजे तक वेबसाइट **www.durg.gov.in** के माध्यम से कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत अथवा अन्य माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

G-262702210/2

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, दुर्ग (छ.ग.)

**क्रमांक / जि.चि. / निविदा / 2026 / 6653 दुर्ग, दिनांक 17/07/2026**

**जिला चिकित्सालय दुर्ग के Jumbo/small oxygen cylinder/ Nitrous cylinder/ CO Cylinder रिफिलिंग हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय दुर्ग के Jumbo/small oxygen cylinder/ Nitrous cylinder/ CO Cylinder रिफिलिंग हेतु पंजीकृत मुहरबंद तृतीय निविदा दिनांक 30.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ₹ 500.00 नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है जो वापसी योग्य नहीं है।

| विषय | विवरण |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) का मूल्य | 500/- (अक्षरी पांच सौ रू मात्र) |
| निविदा फार्म की विक्रय की तिथि एवं समय | विज्ञापन प्रकाशित तिथि से 29.07.2026 तक (कार्यालयीन समय तक) |
| निविदा फार्म जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.07.2026 दोपहर 03.00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ही मान्य है। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.07.2026 दोपहर 4.00 बजे जिला चिकित्सालय के टेली मेडिसिन कक्ष में खोली जावेगी। |
| निविदा फार्म प्राप्त करने का निर्धारित स्थल | कमरा नम्बर 35 जीवनदीप समिति शाखा जिला चिकित्सालय दुर्ग |

**सिविल सर्जन**
**सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**दुर्ग (छ.ग.)**

G-262702207/2

## Directorate of Urban Administration & Development
**Technical Cell, Indravati Bhawan, Atal Nagar (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**SECOND CALL**

**NIT No:- 4634/TC/UAD/2026 Raipur Dated:- 16/07/2026**

| S. N. | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Last Date for Online Bid Submission | Last date for Physical submission | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195491 | Construction of 250 Seater Nalanda Parisar at Govt. Gajanand Agrawal Collage Nagar Palika Parishad Bhatapara. | 03.08.2026 Time 17:30 | 05.08.2026 Time 16:30 | 428.26 Lakh |
| 2 | 195492 | Construction of 250 Seater Nalanda Parisar Near District Panchayat office at Nagar Palika Parishad Manendragarh. | 03.08.2026 Time 17:30 | 05.08.2026 Time 16:30 | 431.19 Lakh |
| 3 | 195493 | Construction of 250 Seater Nalanda Parisar Near High School at Nagar Palika Parishad Takhatpur. | 03.08.2026 Time 17:30 | 05.08.2026 Time 16:30 | 431.19 Lakh |
| 4 | 195494 | Construction of 250 Seater Nalanda Parisar at Govt. Indira Gandhi Collage Nagar Palika Parishad Pandariya. | 03.08.2026 Time 17:30 | 05.08.2026 Time 16:30 | 431.19 Lakh |
| 5 | 195495 | Construction of 250 Seater Nalanda Parisar Ward No. 02 Borodipa, Near Library at Nagar Panchayat Pusour. | 03.08.2026 Time 17:30 | 05.08.2026 Time 16:30 | 431.72 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in 16.07.2026, 18:00 Hours. (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

**Chief Engineer**
**Urban Administration & Development, Atal Nagar (C.G.)**

G- 262702192/4

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisement booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

### टीचर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर व कॉमर्स ग्रुप हेतु अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 8 से 15 हजार अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क MIG 1068 के सामने वीर शावरकर नगर हीरापुर रायपुर ज्ञान भारती हा. से. स्कूल मोबाइल- 8319496635.** (आरो-890)

### दुकान कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 06, Tata Ace ड्राइवर 02 **पता- आर.बी.पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 8435904413.** (आरो-889)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः ***आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038.** (आरो-188)

**आवश्यकता है-** बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों ( कम से कम बारहवीं) की,वेतन 11 से 13,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता । **अमृत सेल्स , स्टेशन रोड ,रायपुर । मोबाइल 9827174205.** (आरो-meeth)

हरिभूमि

**आवश्यकता है-** किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन 10 से 15 हजार योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता । **संपर्कः- सी - मार्केट सेक्टर-6 भिलाई 98266-84859.** (आरो-316)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ (GNM/ ANM/ अनुभवी) पैरामेडिकल OT टेक्नीशियन, रिसेप्शनिस्ट नाइट आया बाई, गार्ड - **कैलाश कान्ता हॉस्पिटल जोरा रायपुर- 9300734153, 0771-2994153. अनुभवी को प्राथमिकता, उचित वेतन** (आरो-283)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन -10 , टेलीकॉलर - 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, **कुशालपुर मोबाइल: 9826652461.** (आरो-893)

### असिस्टेंट

**आवश्यकता है-** अशोका रतन, शंकर नगर रायपुर में एक डेंटल क्लीनिक में काम करने हेतु एक असिस्टेंट लड़की जो 12वीं पास हो चाहिए। सैलरी 7000 से 7500 तक **सम्पर्क करें- 8435533000, 9179908935.** (आरो-41446)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### ऑपरेटर/इंचार्ज

**Wanted-** Computer Operators & Dispatch Incharge- 5-6 years' experience, SAP/ Oracle ERP knowledge preferred, Experience in vehicle dispatch and labour management (for Dispatch Incharge), Preference to candidates with C&F experience in the Pesticide/Fertilizer industry, Good computer skills and a responsible attitude. Send your resume on **8700749996**, Location: Ring Road No. 2, Gondwara, Raipur. (आरो-902)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11-12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। **न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। 7039749769.** (आरो-047)

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की)चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। **स्थान महावीर नगर , रायपुर सॉम्पर्क करे 7024416652.** (आरो-892)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** कम्पनी का नाम. ऐशियन पूल्स पता- भाठागांव, रायपुर पद का नाम- टेक्नीशियन योग्यता- 5वीं से 12वीं समय- 10 घंटा वेतन - 12000/- से 15000/- **मो. नं. - 9109260731, 9669082359.** (आरो-894)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह ९ बजे से रात्रि ९ बजे तक, **संपर्क करें: 9826708233 ,पताः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)** (RO-SPD/0062)

### कुक

**आवश्यकता है-** शंकर नगर रायपुर हेतु 1. सिंधी खाना बनाने हेतु महिला कुक एवम कार चलाने हेतु कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। **अनुभवी सम्पर्क करें:- 9893132000.** (आरो-416)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क- 9630922589, 9893029618.** (आरो-530)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.** (आरो-891)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा वी.आई.पी चौक, उरकुरा, टाटीबंध,एम.जी. रोड हेतु, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है। आयु सीमा- 25-45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। **संपर्क नम्बर:- 9981144486.** (आरो-A)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। रामनगर, गुढ़ियारी के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी, कार्य का समय सुबह 11:30 से शाम 6:30 तक वेतन 400/- प्रतिदिन **संपर्क- 6260088185.** (आरो-105)

### सर्वे प्रचार कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस हेतु कंप्यूटर कार्य एवं डोर टू डोर सर्वे प्रचार हेतु महिलाओं की आवश्यकता है **संपर्क - मातृ दृष्टि वेलफेयर फाऊंडेशन भिलाई मो 9039088128, 9244378559.** (आरो-317)

हरिभूमि

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, **प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9977252503.** (RO-7271)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** रायपुर में पुरुष कोमा पेशेंट हेतु केयर टेकर चाहिए। आयु अधिकतम 35 वर्ष, न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण। मेडिकल ज्ञान आवश्यक नहीं। रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतन योग्यता अनुसार। **संपर्कः राकेश अग्रवाल, ए-73, लविस्ता कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर। मो.: 9575042812। मिलने का समयः सुबह 9 से 11 बजे।** (आरो-895)

### होटलकर्मी

**आवश्यकता है-** स्टाफ की तत्काल आवश्यकता होटल Tanishq INN, भिलाई 24×7 में रहने एवं कार्य करने हेतु (1) रूम बॉय, (2) हाउसकीपिंग स्टाफ, (3) सफाई कर्मचारी फुल टाइम रहना और खाना निःशुल्क व्यवस्था अनुभव अनुसार वेतन ग्रामीण वासी को प्राथमिकता **मो:- 7000836002, 9399742617.** (आरो न.-4158)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं - पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/ बिजली, पानी की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार। **सम्पर्कः- 9893413130, 9425509393.** (आरो-942)

### कंडक्टर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** दुर्ग, भिलाई, रायपुर स्कूल, स्टाफ बस हेतू महिला कंडक्टर ,ड्राइवर की आवश्यकता आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस(हैवी व्हीकल) watsup करें **पता बस स्टैंड दुर्ग 9343322450, 7385600786, 9424125786.** (आरो-1319)

### सेल्स ऑफिसर

**WANTED-** Field / Sales Officer for Chhattisgarh by Pune-based Fertilizer Manufacturing & Marketing Company Edu. Qual :B.Sc./M.Sc. (Agri.) ,Exp.- min. 2 yrs Locations: Bilaspur, Rajnandgaon, Bemetara, Sakti, Mahasamund, Raigarh, Kawardha & Kumhari 2-Wheeler must. Apply within 7 days to hrman-shya@gmail.com **MO.9584040029, 9011001890.** (आरो न-1322)

क्लासीफाईड

### थैरेपिस्ट

**आवश्यकता है-** कार्य हेतु 20 से 35 वर्ष महिला एवं पुरुष मसाज थैरेपिस्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **सम्पर्क :- नेचर क्योर हॉस्पिटल, आनंदनगर रायपुर 9993137510.** (आरो-416)

**Education शिक्षण**

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai **9826196515, 9826896515.** (आरो न.-4157)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित या किसी भी कार्य-व्यवहार से पहले उसकी अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक के आधार पर ही कोई निर्णय लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधन व कर्मचारियों) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन इकाइयों के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## जैकेट के शेष

### स्कूलों की छुट्टी, रेलवे ट्रैक डूबे...

है। दस- बारह ट्रेनों को अलग- अलग जगह रोका गया। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 36 घंटे में 48 सेमी बारिश हुई है जो कि एक रिकार्ड है।

बिलासपुर में गुरुवार दोपहर से लगातार बारिश हो रही है। रात में मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। लगातार तेज बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कों पर नाले का पानी बहने लगा, जबकि निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। रतनपुर हुई बारिश से शहर के कई मोहल्लों, कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। कई जगह सड़क और नाले का अंतर खत्म हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। व्यापार विहार क्षेत्र के सब स्टेशन सहित कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मर जलमग्न हो गए हैं। कलेक्टर और निगम कमिश्नर के बंगले में भी पानी भर गया है, जहां नगर निगम की टीम जल निकासी में जुटी हुई है। वहीं, निचले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। सरकंडा के बंधवापारा क्षेत्र में दो नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**दोमुहानी में 10 से ज्यादा घर टापू बने :** बिलासपुर जिले के दोमुहानी क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुसने से 10 से अधिक मकान टापू में तब्दील हो गए हैं। कई परिवार रातभर से घरों में फंसे हुए हैं। इनमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जो भूख-प्यास के बीच राहत और बचाव दल का इंतजार करते रहे। बाद में इन्हें निकालकर राहत कैंप पहुंचाया गया। मस्तूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। कई स्थानों पर सड़क के ऊपर लगभग 4 से 5 फीट तक पानी बह रहा है। जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है।

### कांग्रेस का अविश्वास ध्वस्त, सीएम साय...

नहीं आया। अटल बिहारी बाजपेयी ने इस राज्य का गठन किया; देश की राष्ट्रपति हमारी बहन द्रौपदी मुर्मू हैं। प्रधानमंत्री ने धरती आबा योजना लाया गया; 67 हजार गांव इसके लिए लाया गया था; उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण आप लोग पहले ही कर सकते थे। आप आंदोलन कर केवल नाटक करते थे, अटल बिहारी बाजपेयी ने राज्य का गठन किया। छत्तीसगढ़ में बस्तर और सरगुजा विकास प्राधिकरण का गठन डॉ. रमन की सरकार ने किया। आदिवासियों में भूखमरी होती थी उनके लिए चावल योजना डॉ रमन की सरकार लाई। हमारी सरकार का आदिवासियों के कारण बनी है। अब वो आपके भुलावे नहीं आने वाले। ढाई साल हमारी सरकार को हो गया; आपकी सरकार में भी ढाई साल खूब चला एक राजा और महाराजा के बीच लड़ाई, इसमें जनता पिसती रही। जनता ने 68 सीट का जनादेश दिया था आपने जनता को क्या दिया। आपके 36 वादे का क्या हुआ? इन वादों में कोई भी वादा शत प्रतिशत कभी पूरा नहीं किया; आपके सरकार के समय एक नारा चला था कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे भूपेश सरकार ने ठगा नहीं, दो साल का बकाया बोनस 13 लाख किसानों का 37 सौ 16 करोड़ नहीं दिया, इतना बड़ा विश्वासघात करने का काम आप लोगों ने किया। हमारी नीति और नियत दोनों ठीक है,हमारा जो वादा था उसे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा करने की गारंटी है; सबका सपना होता है कि सबका अपना घर हो आपने वह भी नहीं दिया, उसके कारण आपके पंचायत मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, था सरकार बनते ही मुख्यमंत्री आवास देने का वादा था पहले ही कैबिनेट की बैठक में ये राज्यांश की व्यवस्था किया; उसके बाद केंद्रांश जल्द मिल गया। मुख्यमंत्री आवास योजना में आपने 7 लाख 47 हजार रुपए का एक किश्त दिया, उसके बाद नहीं दिया; उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नक्सलवाद का समापन किया, लोगों को विकास के राह पर ले जाने का काम शुरू किया।

**बलौदाबाजार की घटना की अब तक जांच नहीं :** डॉ. महंत ने कहा, गुरु बाबा घासीदास को जहां ज्ञान मिला उसके जैतखाम को जैतखंभ को किसी दुष्ट व्यक्ति ने काट दिया। सतनामी समाज ने चेतावनी दी थी कि इसका प्रतिकार उग्र हो जाएगा। तब भी वहां के कलेक्टर-एसपी ने कुछ नहीं किया। देश के इतिहास में इस तरह की यह पहली घटना थी। इसकी आंच हमारी मान्यताओं पर, हमारे धर्म तक पहुंची। इस घटना ने समाज को उद्वेलित कर दिया। क्या हुआ इस घटना का? इतने दिनों तक इसकी जांच नहीं हो पाई। उन्होंने ने कहा कि कोरिया जिले में 29 वर्षीय महिला का बलात्कार कर उसे जिंदा जला दिया गया। थाने पहुंचे एक फरियादी को पीट-पीट कर मार डाला गया। रखी के दिन मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एक बहन का रेप कर मार दिया। इसे जंगलराज ना कहूँ, तो क्या कहूँ। मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल, प्रशासनिक अधिकारी एक भी आलोचना को बर्दाश्त नहीं कर सकते। अहंकार में डूबी सरकार है। पंचायत, मनरेगा में चल रहे पिछले सरकार के कार्यकाल के काम तक को रोक दिया गया। जनहित के नाम पर सरकार सिर्फ अपनी जेब भर रही है।

**ऐसा विपक्ष किस काम का, जो सिर्फ औपचारिकता पूरी करे- चंद्राकर :** भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने अविश्वास प्रस्ताव पर सत्तापक्ष कि ओर से जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष वाचडॉग होता है, लेकिन ऐसा विपक्ष किस काम जिसने सिर्फ औपचारिकता पूरी कर दी। पिछली सरकार नादिर शाह की तरह ही थी। नेता प्रतिपक्ष ये बताए कि उनकी निष्ठा राज्य के प्रति है या किसी एक परिवार की। कांग्रेस के दो इतिहास लिखे गए हैं। एक आजादी के पहले और एक बाद। जो फ्लेटर होता है वो जनता के प्रति जवाबदेह नहीं होता। एक सज्जन ने जो कहते थे कि इंदिरा इस इंडिया, इंडिया इस इंदिरा और एक नेता प्रतिपक्ष है जिन्होंने कहा था कि सोनिया गांधी के कहने पर झाडू भी लगा सकते है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले-अविश्वास प्रस्ताव ...

ठीक नहीं है, तो उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के पहले ही त्यागपत्र देना स्वीकार कर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- संत पवन दीवान ने लिखा है कि चुप-चुप रहकर सब कुछ सहकर सबका मान बढ़ाते हैं, बार-बार अपमानित होकर औरों का गुणगान करते हैं, मेहमानों को खूब खिलाकर चुपचाप सो जाते हैं, इसलिए ही छत्तीसगढ़िया परबुधिया कहलाते हैं। छत्तीसगढ़ में सब कुछ है लेकिन कमी है स्वाभिमान की। मुझसे सही नहीं जाती ऐसी चुप्पी वर्तमान की इस पर मंत्री ओपी चौधरी और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के लोगों को परबुधिया कहने पर आपत्ति जताई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ये मेरा लिखा नहीं है। ये संत पवन दीवान की लिखी कविता है।

### सरकार कौन चला रहा है-भूपेश....

करने के लिए हमने तीन दिन में उठाव करने की नीति बनाई; आपके सरकार में धान का उठाव नहीं हो रहा है। राइस मिलर्स के पास धान पड़ा है। मिलरों का धान नहीं जमा हुआ। परेशान सोसायटियों के कर्मचारियों को परेशान कर रहे है; उन्हें जेल में डाला जा रहा है। आज भी धान सोसायटी में पड़ा है; किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। हर आदमी बोल रहा है कि चाहे मंहगा मिले लेकिन मिले तो डीजल नहीं मिल रहा है। 200 से 700 रुपए बोरी खाद पर नुकसान किसानों को हो रहा है। किसानों के साथ सरासर अन्याय हो रहा है। सरकार में केवल साजिश चल रही है। एक एकड़ में 25 किलो डीएपी दे रहे है। मैंने सोसायटियों में दौरा किया, अलग-अलग खाद है किसान कैसे डालेगा; हमारी सरकार के समय करोना काल था तब किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। आज डबल इंजन की सरकार है तब यह हाल है; आपकी सरकार में 70 और 30 को रेशियो है; हमारे समय यह 60 और 40 का था। लोगों की आय कैसे कम हो यह ये सरकार कर रहा है; हमारी सरकार ने मक्का, कोदो कुटकी, रागी के खरीदने के लिए समर्थन मूल्य में खरीदी किया; पहली बार इस सरकार को तेंदूपत्ता खरीदने के लिए कर्ज लेना पड़ा। महतारी वंदन, पेंशन की राशि लेने लोग घंटों पैदल चलना पड़ रहा है। इंक्रीवायसी नहीं होने के कारण 30 लाख लोगों को राशन नहीं मिल रहा है; लोगों का अंगूठा नहीं मिल रहा है।

### गरीबों का आवास रोकने वाली थी ...

गति दी गई। पिछली सरकार द्वारा केवल पहली किस्त जारी कर अधूरे छोड़ दिए गए लगभग 8 लाख आवासों को भी पूरा कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को मुख्यमंत्री आवास योजना में बदलकर 47 हजार आवास तो स्वीकृत कर दिए, लेकिन उनके लिए बजट तक नहीं रखा। वर्तमान सरकार ने उन आवासों को भी पूरा कराया। उन्होंने बताया कि ढाई वर्षों में 11 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए जा चुके हैं और शेष आवासों का निर्माण तेजी से जारी है।

**सीबीआई को रोका, अब हर मामले में जांच की मांग कर रहे हैं :** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब सीबीआई को छत्तीसगढ़ में प्रवेश तक नहीं दिया गया, क्योंकि बड़े-बड़े घोटालों की जांच से बचना था। आज वही लोग हर मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान आठ आईएएस और आईपीएस अधिकारी जेल गए, जबकि वर्तमान सरकार में पारदर्शी व्यवस्था के कारण ऐसी स्थिति नहीं बनी।

**अवैध घुसपैठियों और धर्मांतरण पर सरकार की सख्ती :** श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पहली बार ऑनलाइन शिकायत प्रणाली और टोल फ्री नंबर शुरू किया। शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर अवैध घुसपैठियों को चिन्हित कर डिपोर्ट भी किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि किस जिले से कितने लोग डिपोर्ट किए गए है, ये भी बताएं। श्री शर्मा ने धर्मांतरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बस्तर के तत्कालीन संभागायुक्त और सुकमा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने कांग्रेस सरकार को पत्र लिखकर बताया था कि धर्मांतरण के कारण सामाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है और वर्ग संघर्ष जैसी स्थिति बन रही है, लेकिन उस समय सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। श्री विष्णु देव साय की सरकार कानून लेकर आई तो विपक्ष चर्चा से ही भाग गया। **नक्सलवाद पर निर्णायक कार्रवाई :** श्री शर्मा ने कहा कि जिस दिन सदन में नक्सलवाद पर चर्चा हुई थी, उस दिन भी विपक्ष सदन छोड़कर चला गया। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी जैसी घटना के दोषियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई वर्तमान सरकार ने की है। उन्होंने बताया कि बस्तर के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नक्सल मामलों में जेलों में बंद लोगों की समीक्षा की जा रही है तथा लगभग 1300 लोगों को राहत देने की प्रक्रिया चल रही है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने नशे के खिलाफ भी अभूतपूर्व अभियान चलाया है। एनडीपीएस मामलों में पहली बार सफेमा कानून के तहत आरोपियों की संपत्तियां अटैच कर आर्थिक रूप से भी कार्रवाई की जा रही है।

### आर्थिक तंगी ने ली पूरे परिवार की ...

गया है। संजय नगर के मदनी चौक में जिस घर में मृतक का परिवार किराए पर रहता था, वहां अन्य परिवार भी किराए से रहते हैं। दिनभर जब उन्हें कोई हलचल नहीं दिखी और दरवाजा अंदर से बंद मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़े जाने पर मामला सामने आया।

मृतकों में सैय्यद साजिद (पिता), राबिया बानो (मां) सहित उनके पुत्र सैय्यद इरशाद अली (20 वर्ष), पुत्री शाहिदा (15 वर्ष) व इरशाबा (12 वर्ष) शामिल हैं। इनमें साजिद का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि मां सहित पुत्र व तीन पुत्रियों का शव जमीन पर लगाए गए बिस्तर में पड़े मिले। साजिद को छोड़कर शेष सभी के मुंह से झाग निकल रहा था।

### 'वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने से खत्म ...

सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग का अधिकार केवल वोटर लिस्ट के नियंत्रण और पर्यवेक्षण तक ही सीमित है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून की स्थिति में कोई भ्रम नहीं है।

### ऐतिहासिक पल, भारत में ...

ट्रेन को भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारत की ही कंपनी ने बनाया है।' बता दें, यह ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए रवाना हुई। 10 कोच वाली यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर 14 स्टेशनों के बीच अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसका किराया 5 से 25 रुपए के बीच रखा गया है।

### शेफाली के घर से ...

30 लाख रुपए नकद मिलने की बात सामने आई है। छापे में मिले कैश के बाद ईडी ने समंस जारी कर रायपुर स्थित जोन कार्यालय में पूछताछ करने तलब किया। चर्चा है कि शेफाली से ईडी के अफसरों ने दूसरे दिन भी पूछताछ की है, लेकिन इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ईडी के आरोपों के मुताबिक शैफाली के आवास से जो नकदी रकम जब्त की गई थी, भारत में अवैध सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार के माध्यम से अर्जित की गई थी। टीवी होस्ट के संबंध देश में सट्टेबाजी एप्लिकेशन चलाने और बढ़ावा देने वाले ठक्कर से था।




# चाचा के सामने से भतीजे को घसीट ले गया मगरमच्छ देखते ही देखते चबा डाला

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से रोंगटे खड़े करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 12 साल का बच्चा अपने चाचा के साथ धान की रोपाई में गया था, तभी मगरमच्छ उसे घसीट ले गया और देखते ही देखते उसे खा गया। घटना जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर बौंडी थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव की है। सुनील सिंह गुरुवार को अपने चाचा विजयराज सिंह के साथ घाघरा नदी के किनारे खेत गया था। घटना का वीडियो शुक्रवार को सामने आया, जिससे देखकर लोग सिहर गए। पुलिस ने बताया कि गुरुवार शाम को सुनील धान की रोपाई के बाद घाघरा नदी के किनारे हाथ-पैर धोने चला गया था, तभी चुपके से मगरमच्छ आया और सुनील को घसीट ले गया। यह देखकर चाचा विजयराज ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया और सभी ने पत्थर से मगरमच्छ पर हमला कर बच्चे को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ ने उसे जबड़े में दबा लिया। मगरमच्छ ने बच्चे को बुरी तरह चबा लिया और 3 बार पानी में पटका।

■ धान रोपाई के बाद हाथ-पैर धोने गया था

**घटनास्थल से 300 मीटर दूर मिला शव**

घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर बच्चे की तलाश की। पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद रात 10 बजे बच्चे का क्षत-विक्षत शव घटनास्थल से 300 मीटर दूर पानी में उतराता मिला। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वन रेंजर साकिब अंसारी ने बताया कि मगरमच्छ ने बच्चे के कमर के नीचे का हिस्सा खा लिया था। बारिश के मौसम में घाघरा नदी में मगरमच्छ दिखते हैं।

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स नचिकेता पॉवर एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम - सिलपहरी, सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) में क्षमता विस्तार के तहत् प्रस्तावित पैलेट्स क्षमता - 6,00,000 टन प्रतिवर्ष, पावर प्लांट क्षमता- 16 मेगावॉट से 56 मेगावाट एवं टीएमटी (रोलिंग मिल) क्षमता- 1,00,000 टन प्रतिवर्ष से 3,00,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई **दिनांक 20/08/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थल- ग्राम सिलपहरी, तहसील बोदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) नचिकेता पॉवर एवं स्टील प्लांट के मुख्य गेट के बाईं ओर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 18/1 रकबा 75.274 हेक्टेयर के लगभग 01 एकड़ में नियत की गई है।**

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालकसार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी में) एवं इसकी सी. डी. (साफ्ट कॉपी) जनसामान्य के अवलोकन / पठन हेतु डायरेक्टर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला- बिलासपुर,आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी,कार्यालय, जिला पंचायत - बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) - बिल्हा, जिला- बिलासपुर, मुख्य महाप्रबंधक, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत, बिल्हा, जिला-बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम - सिलपहरी, हरदीकला (टोना), बसिया, पोड़ी, बन्नाकडीह, कोरमी, धूमा, मगरउछला, तहसील - बिल्हा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

## पेज एक के शेष

### इंदौर से शुरू हो चुकी आबुधाबी...

हो, मगर यहां से एक भी फ्लाइट दूसरे देश तक नहीं जाती। समय-समय पर रायपुर से सिंगापुर, दुबई, बैंकाक जैसे देशों के लिए फ्लाइट शुरू करने की चर्चा होती है। उच्च स्तर पर इन प्रस्ताव पर आश्वासन भी मिलता है, मगर बात आगे नहीं बढ़ पाती। दूसरी ओर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के इंदौर का देवी अहिल्याबाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अगस्त से आबुधाबी से हवाई मार्ग के जरिए सीधे कनेक्ट हो जाएगा। यहां से शारजाह के लिए भी फ्लाइट का संचालन हो चुका है, जबकि दूसरे देशों के लिए रायपुर से सीधी विमान सेवा शुरू ही नहीं हो पाई है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से जुड़े कई परिवार अलग-अलग देशों में रहते हैं। इसके अलावा यहां से घूमने-फिरने सहित अन्य कार्यों के लिए भी काफी संख्या में यात्री दूर देशों की यात्रा करते हैं। रायपुर एयरपोर्ट से अगर दुबई, सिंगापुर, बैंकाक जैसे देशों के लिए सीधी फ्लाइट सेवा प्रारंभ की जाती है, तो विमानन कंपनियों को काफी संख्या में यात्री मिल सकते हैं।

### अमेरिका ने भारत के निवेश...

सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों में बंदरगाह पर दो समुद्री पियर्स (घाट) को भी नुकसान पहुंचा है। जिनमें शहीद बेहेश्ती डॉक भी शामिल है। यह समुद्र के किनारे विकसित एक समुद्री परिवहन सुविधा है। इसे भारत की भागीदारी से विकसित किया गया था।

### जैश-ए-मोहम्मद के 5 संदिग्ध...

महीने से एक-दूसरे के संपर्क में थे और गुजरात समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही हैं। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी पहले पकड़े गए आठ संदिग्धों से जुड़े हुए थे।

### ऐतिहासिक पल, भारत में ...

ट्रेन को भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारत की ही कंपनी ने बनाया है।' बता दें, यह ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए रवाना हुई। 10 कोच वाली यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर 14 स्टेशनों के बीच अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसका किराया 5 से 25 रुपए के बीच रखा गया है। ट्रेन 89 किलोमीटर का सफर करीब 2 घंटे में पूरा करेगी।

### तीसरी बार नीट परीक्षा में...

बाद 1 बजे तक जाग रही थी। इसके बाद सभी अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। युवती अपने लैपटॉप में अपना रिजल्ट चेक कर रही थी। रात करीब 3.30 बजे जब युवती की मां उसे देखने के लिए कमरे में गई तो कमरा खुला हुआ था। अंदर बेटी फांसी के फंदे में लटकी थी। बेटी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बोधघाट पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

**AUCTION NOTICE**

Sealed tenders are invited for disposal of following items:

**Disposal of partially wet, about 250 MT "De-Oiled Rice Bran' (DORB) "As is where is basis" at Rajnandgaon**

**Date of Auction: 23.07.2026 at 11.00 am.**

Venue:
**New India Assurance Co. Ltd.,**
Chouhan Estate,
1st Floor, Above State Bank of India,
GE Road, Suphela, Bhilai, (CG) 490023

Submit your offer on Mail:
salvage@aptsurveyors.com
apt.srk@gmail.com
or Whatsapp : 7400945600
(Mr. Naveen Chandra)

C/PDCL
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कुरूद

**कार्यालय भवन स्थानांतरण की सूचना**

उपसंभाग–मगरलोड के अंतर्गत वितरण केन्द्र – मोहंदी के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण केन्द्र मोहंदी का कार्यालय भवन आज दिनांक से आगामी आदेश तक पुराने पंचायत भवन से बेलोरा(मोहंदी) में स्थित श्री कोमल सिंग साहू आ. श्री हरिनाथ साहू ग्राम–बेलोरा (मोहंदी) जिला–धमतरी के किराया भवन में पूर्णरूपेण स्थानांतरित किया जाता है।

सही /– कार्यपालन अभियंता (सं / सं) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कुरूद

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/28, तिथिः 14.07.2026**

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03262712A | सेकेण्डरी स्प्रिंग (आउटर) | 03.08.2026 At 10:30 hrs | 127 नग |
| 2 | 02261865 | सेट ऑफ डम्पर्स फॉर डब्ल्यूएजी-9 लोको (4 आइटम) | 30.07.2026 At 10:30 hrs | 34 सेट |
| 3 | 02261857 | बुल गियर 107 टीथ टू आरडीएसओ ड्राईंग नं. एसकेडीपी 3848 एल्ट.1. | 10.08.2026 At 10:30 hrs | 40 नग |
| 4 | 08261026 | इनबाइटेड मिनेरल ईंसुलेटिंग ऑएल | 04.08.2026 At 10:30 hrs | 53760 लीटर |
| 5 | 06260091A | ईलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) एम के-व्ही विथ फ्लैट टॉए फॉर 60केजी यूआईसी/52केजी रेल सेक्शन ड्राईंगः (आरडीएसओ) आरडीएसओ_टी_5919_एल्ट. -2 स्पेसिः (आरडीएसओ) आईआरएस/टी-31-2025. | 04.08.2026 At 10:30 hrs | 1485700 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-III
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/296

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद महासमुन्द (छ.ग.)**
Telly Phone No- 07723-224985, Email ID- nppmahasamund@gmail.com

क्र. / 1246 / न.पा. / लो.नि.वि. / 2026-27 महासमुन्द, दिनांक 17-07-2026

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगरपालिका परिषद महासमुन्द के अधीन निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मैन्युअल निविदा प्रपत्र - "A" एवं "ABC" में छ.ग. लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2025 प्रचलित दर अनुसूची के आधार पर प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैः-

01. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय- 07.08.2026समय 5.30 बजे
02. निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 10.08.2026समय 4.00 बजे

| क्र. | कार्य – विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 में मीना चन्द्राकर घर से मुन्ना भोई घर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। (राशि 4.03 लाख)<br>वार्ड क्र. 27 में प्रेम ऐजेन्सी से इन्द्र कुमार चन्द्राकर प्लाट तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। (राशि 2.13 लाख) | 6.16 | 4700.00 | 750.00 | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Road SOR 01.01.2025 |
| 2 | वार्ड क्र. 06 में बरगद चौक में इन्टरलाकिंग पेव्हर ब्लाक कार्य। (राशि 0.75 लाख)<br>वार्ड क्र. 13 में श्री राम पाठशाला के सामने इन्टरलाकिंग कांक्रिट पेव्हर ब्लाक बिछाने का कार्य। (राशि 0.80 लाख)<br>वार्ड क्र. 07 में अम्बेटर स्कूल में इन्टरलाकिंग कांक्रिट पेव्हर ब्लाक बिछाने का कार्य। (राशि 7.24 लाख) | 8.79 | 6600.00 | 750.00 | 04 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 |
| 3 | वार्ड क्र. 12 में घनश्याम विश्वकर्मा से तालाब जाने वाले मार्ग तक सी.सी.रोड (टाप) मरम्मत कार्य। (राशि 2.54 लाख)<br>वार्ड क्र. 06 में रितेश बंसोड घर से नर्सरी तक सी.सी.रोड (टाप) मरम्मत कार्य। (राशि 4.03 लाख) | 6.03 | 4600.00 | 750.00 | 03 माह | PWD Road SOR 01.01.2025 |
| 4 | वार्ड क्र. 27 में इन्द्र कुमार चन्द्राकर प्लाट से संदिप भवन तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। (राशि 4.26 लाख) | 4.26 | 4300.00 | 750.00 | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Road SOR 01.01.2025 |
| 5 | वार्ड क्र. 25 में हमर क्लिनिक पिटियाझार के सामने से पतेरापाली रोड तक आर.सी.सी. नाली एवं स्लेब मरम्मत कार्य। (राशि 2.84 लाख)<br>वार्ड क्र. 29 में संजय यादव से केन्द्रीय विद्यालय तक आर.सी.सी. नाली एवं आर.सी.सी. स्लेब निर्माण कार्य। (राशि 3.39 लाख)<br>वार्ड क्र. 26 में संतोष घर से कश्यप घर तक आर.सी.सी. नाली एवं आर.सी.सी.स्लेब निर्माण कार्य। (राशि 1.18 लाख) | 7.41 | 5600.00 | 750.00 | 04 माह | PWD Road SOR 01.01.2025 |
| 6 | वार्ड क्र. 29 में संजय यादव से केन्द्रीय विद्यालय तक सी.सी.रोड (टॉप) मरम्मत कार्य। (राशि 4.99 लाख) | 4.99 | 4900.00 | 750.00 | 03 माह | PWD Road SOR 01.01.2025 |
| 7 | वार्ड क्र. 11 में वृद्धाआश्रम के पास इन्टरलाकिंग कांक्रिट ब्लाक (पेव्हर) निर्माण कार्य। (राशि 3.04 लाख) | 3.04 | 3100.00 | 750.00 | 02 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें एवं जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास के वेब साईट http://uad.cg.gov.in मे देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद महासमुन्द

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6290



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

**शब्द पहेली- 6289 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल 6300

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6299 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# एलन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट शिपरक गोयल एआईआर-117 छत्तीसगढ़ स्टेट टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

## टॉप-5000 में एलन रायपुर के 18 स्टूडेंट्स



देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट शिपरक गोयल ने 720 में से 690 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-117 हासिल कर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान अर्जित की है।

इसके साथ ही टॉप-5000 में एलन रायपुर के 18 स्टूडेंट्स रहे हैं। एलन रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टॉपर शिपरक गोयल के अलावा,जयदेव ठाकुर ने एआईआर-323, केविन डिसूजा ने एआईआर-364, प्रणव गचके एआईआर 457 , स्वप्निल चंदेल ने एआईआर -536, मुफद्दल सदुवाला ने एआईआर-607, पीयूष जोतवानी एआईआर 787 हासिल की है। इसी तरह टॉप-10000 में 26 स्टूडेंट्स एलन रायपुर से हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है। पंशुल बंसल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं। इसके साथ ही एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह आल इंडिया रैंक-9 हासिल की है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बेहतर परिणामों पर सभी स्टूडेंट्स और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। परिणामों में एलन ने श्रेष्ठता साबित की है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-10 में 5, टॉप-20 में 10, टॉप-50 में 23 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 36 स्टूडेंट्स क्लासरूम हैं, इसमें से एक ऑनलाइन लाइव क्लास से तथा 10 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं। एनटीए ने 690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स की लिस्ट प्रेस रिलीज में जारी की है, इसमें 63 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 50 क्लासरूम प्रोग्राम से, जिनमें एक ऑनलाइन लाइव क्लासरूम से तथा 13 डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं।

### आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले- एक साक्षात्कार में

# पश्चिम एशिया संकट, कमजोर मानसून देश की वृद्धि के लिए जोखिमः आरबीआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट और कमजोर मानसून की आशंका आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के चलते भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है।*

मल्होत्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद 6.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मजबूत हैं, जिसके कारण हमारी वृद्धि दर उच्च बनी हुई है।''

**भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की**

**पिछले वर्ष देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही**

**चालू वित्त वर्ष में मौजूदा चुनौतियों के बावजूद 6.6 फीसदी का अनुमान**



## महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत

मुद्रास्फीति पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य मुद्रास्फीति 5.32 प्रतिशत रही।

## बैंक एआई की उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाए

कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक सेवा बेहतर करने, लागत घटाने और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए इसका उपयोग बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता पर सतर्क रहने को कहा है। मल्होत्रा ने हफ्ते की शुरुआत में सार्वजनिक एवं चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में भी एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए कहा था।

## कृषि का जीडीपी में 17% का योगदान

आरबीआई गवर्नर ने मानसून को एक अन्य जोखिम कारक बताते हुए कहा कि भारत की एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत योगदान है, इसलिए मानसून की स्थिति पर नजर बनाए रखना होगा। रुपये में गिरावट पर उन्होंने कहा कि मजबूत बुनियाद और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अन्य देशों की तुलना में भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन स्थिर रहा है।

## महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए वृद्धि को भी समर्थन देता रहेगा। उन्होंने कहा, ''कम और स्थिर महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला है। ऋण वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि जून में बैंक ऋण वृद्धि सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत रही, जो मई के 17.5 प्रतिशत से अधिक है।

## रुपए की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है

*मल्होत्रा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद से डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर पड़ी हैं। अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है।'' मल्होत्रा ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर कहा कि पिछले वर्ष सकल एफडीआई लगभग 95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में शुद्ध एफडीआई करीब सात अरब डॉलर रहा है।*

# खरीदारी से शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 965 अंक उछला

- रिलायंस, बैंक और आईटी शेयरों में रही खरीदारी
- निफ्टी ने 262 अंक की जोरदार छलांग लगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई



रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में लिवाली आने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 964.58 अंक उछलकर 78,151.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 261.55 अंक बढ़कर 24,334.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद करीब 3.91 प्रतिशत उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी शेयर तिमाही नतीजों की घोषणा के पहले करीब तीन प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस भी बढ़त में रहे।

## सोना 800 रुपए टूटा, चांदी में 2,000 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हुआ और यह तीन सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण चांदी भी 2,000 रुपये लुढ़क गयी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।


**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No: JRDA/CIVIL/26-27/15/186**

**Date: 15.07.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Shopping Center including 80 Shops and two halls in different places in Belgaria, Dhanbad. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 4,96,69,628.00 |
| 3. | EMD | Rs. 4,96,700.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 11 months |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 22.07.2026 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 12.08.2026 at 05:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 14.08.2026 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad,Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur,Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

**Note :** 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

**Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad**

PR 385152 District(26-27).D




**हॉलमार्क ज्वेलरी पर विशेष ऑफर**


# जिनकुशल ज्वेलर्स ने शुरू की 'डेली भाव अपडेट' योजना

**रायपुर।** सत्ती बाजार चौक स्थित जिनकुशल ज्वेलर्स ने ग्राहकों को सोना-चांदी के ताजा बाजार भाव से अवगत कराने के लिए 'डेली भाव अपडेट' योजना शुरू की है। वर्ष 1992 से संचालित प्रतिष्ठान की ओर से यह पहल ग्राहकों को सही समय पर खरीदारी का निर्णय लेने में मदद करने के उद्देश्य से की गई है।

संस्थान के संचालक पंकज जैन ने बताया कि सोना-चांदी के दामों में प्रतिदिन उतार-चढ़ाव होता है, लेकिन अधिकांश ग्राहकों तक समय पर इसकी जानकारी नहीं पहुंच पाती। इसे देखते हुए संस्थान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ने वाले ग्राहकों को प्रतिदिन सुबह उस दिन का ताजा सोना-चांदी का भाव व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिष्ठान में हॉलमार्क ज्वेलरी 576 रुपए की मेकिंग चार्ज पर उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार ज्वेलरी को कस्टमाइज भी करवा सकते हैं। इसके अलावा किस्तों में खरीदारी के लिए 'महाबचत योजना' शुरू की गई है, जिसमें आकर्षक बोनस, ज्वाइनिंग गिफ्ट और क्रेडिट सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिष्ठान में पुरानी ज्वेलरी एक्सचेंज की सुविधा भी उपलब्ध है। इसमें पुराने सोने की शुद्धता की जांच के बाद उसे 24 कैरेट के भाव पर लिया जाता है। जिनकुशल ज्वेलर्स में नेकलेस, हार, चूड़ी, कड़े, पेंडेंट सेट, चेन, टॉप्स, झुमके, कुंदन एवं स्टोन ज्वेलरी, लाइटवेट ज्वेलरी, 999 हॉलमार्क सिल्वर ज्वेलरी तथा 97 प्रतिशत हॉलमार्क वाले चांदी के बर्तनों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध है।




# वीबी टावर में शुरू हुआ व्यावसायिक संचालन

रायपुर। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित व्यावसायिक परियोजना वीबी टावर, मोवा में व्यावसायिक संचालन शुरू हो गया है। कंपनी ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर इसकी औपचारिक जानकारी देते हुए परियोजना के द्वितीय चरण (फेज-2) की भी घोषणा की है। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स का कहना है कि आधुनिक वास्तुकला, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, सुव्यवस्थित सुविधाओं और व्यवसाय-अनुकूल वातावरण के कारण वीबी टावर व्यापारियों, उद्यमियों, स्टार्टअप, पेशेवरों और कॉर्पोरेट संस्थानों के लिए एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। कंपनी ने बताया कि प्रथम चरण को ग्राहकों और निवेशकों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद तथा विश्वास को देखते हुए वीबी टावर के फेज-2 की घोषणा की गई है। इसके लिए प्री-बुकिंग जल्द शुरू की जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी अलग से जारी की जाएगी।

विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक यशवंत अग्रवाल ने ग्राहकों, निवेशकों और व्यापारिक सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यशैली कंपनी की सबसे बड़ी पहचान है। निदेशक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि वीबी टावर रायपुर के व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और उन्हें विश्वास है कि परियोजना का दूसरा चरण भी ग्राहकों एवं निवेशकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।




## दूसरा चरण भी नए आयाम स्थापित करेगा

वहीं, प्रोजेक्ट हेड पुनीत अग्रवाल ने सभी ग्राहकों, निवेशकों, व्यापारिक सहयोगियों और परियोजना से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और विश्वास से परियोजना का द्वितीय चरण भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा तथा रायपुर के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने रचा इतिहास, 15 से ज्यादा छात्रों ने हासिल किया 500 से ज्यादा अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्थान गोल इंस्टीट्यूट के छात्रो ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। नीट रिजल्ट आने के साथ ही गोल के छात्रों में एक अलग उत्साह देखने को मिला। इस बार गोल के छात्रों ने पिछले वर्ष से ज्यादा बेहतर प्रदर्शन में किया है। गोल के 15 से अधिक छात्रों ने 500 से ज्यादा मार्क्स हासिल किया है।

इसके साथ ही कई छात्रों ने 12वीं के साथ-साथ नीट में भी अच्छे मार्क्स प्राप्त किए है। नवीन गुप्ता-589, छत्रपाल वर्मा 540, नूरे सफत-534, नैना साहू - 520, सूर्यांश साहू - 510, मोहित गुप्ता -505, महेन्द्र वर्मा-505, अविनाश-502, अविनाश वर्मा-495, शुभम प्रसाद-493, दिव्या-487, अरशद-479, साहिल-458, पायल मरकाम-448, दानेश्वर-458, रत्नशाह-430, मनिष-444, हिमानी-440 आदि। सभी सफल छात्रों ने अपनी खुशी जाहिर की और सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि, गोल इंस्टीट्यूट के सही मार्गदर्शन ने उनकी सफलता को आसान बनाया। गोल छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर रंजीत कुमार ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि इस बार भी 100 से ज्यादा छात्रों के गवर्नमेंट कॉलेज में एडमिशन लेने की संभावना है। यह उपलब्धि हमारे छात्रो की मेहनत, अनुशासन और गोल टीम के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकमानाएं दी और साथ ही बताया कि, नए सत्र 2026-27 के ड्रॉपर बैच के लिए भिलाई, रायपुर और बिलासपुर सेंटर में प्रवेश प्रारंभ है।



- रायपुर और बिलासपुर सेंटर में प्रवेश प्रारंभ

# री-नीट 2026 में आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




मेडिकल प्रवेश परीक्षा री-नीट 2026 के परिणाम में रिसाली स्थित आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संस्थान के 25 परीक्षार्थियों में से 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और संस्थान में भी उत्साह का माहौल है। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का संस्थान परिवार ने स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

संस्थान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार विविध कुमार मौर्य ने 592 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अलावा खुशी स्वर्णकार ने 537 अंक, प्रांजल साहू ने 520 अंक, अनुज पुरोहित ने 501 अंक, साक्षी निराला ने 464 अंक तथा गीतांजलि नाग ने 406 अंक हासिल किए। अन्य चयनित विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए संस्थान की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान के संस्थापक शैलेंद्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी विद्यार्थियों ने लक्ष्य के प्रति समर्पण और नियमित अभ्यास के दम पर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही रणनीति, निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिलती है। संस्थान इन्हीं सिद्धांतों पर विद्यार्थियों को तैयार करता है। उन्होंने बताया कि संस्थान में विषयवार अवधारणाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट क्लास, व्यक्तिगत काउंसलिंग और समय-समय पर प्रदर्शन का मूल्यांकन विद्यार्थियों की तैयारी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी व्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

## रिलायंस का जून तिमाही लाभ 22 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 22 प्रतिशत घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि तेल-से-रसायन एवं दूरसंचार कारोबारों के अच्छे प्रदर्शन से कंपनी का मुख्य परिचालन लाभ एवं कर पूर्व आय रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

# नीट-यूजी 2026: एलन का शानदार प्रदर्शन



**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के घोषित परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संस्थान के अनुसार, इस वर्ष के परिणामों में एलन के 5 विद्यार्थियों ने टॉप-10, 10 ने टॉप-20, 23 ने टॉप-50 तथा 46 विद्यार्थियों ने टॉप-100 में स्थान बनाया है। इसके अलावा, 690 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप-138 अभ्यर्थियों में एलन के 63 विद्यार्थी शामिल हैं। जारी परिणामों के अनुसार आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक प्राप्त किए हैं। टाई-ब्रेकर नियम के आधार पर आर्यन गुप्ता को ऑल इंडिया रैंक (एआईआर)-1 तथा पंशुल बंसल को एआईआर-2 घोषित किया गया है। इसके अलावा, एलन के क्लासरूम छात्र आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर एआईआर-4 हासिल की।

वहीं, एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के छात्र आर्यन दुबे ने एआईआर-7 तथा क्लासरूम छात्र गौरव सिंह ने एआईआर-9 प्राप्त की। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि संस्थान ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और परिणामों की श्रेष्ठता सिद्ध की है।


**संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़**

इंद्रावती भवन, ब्लाक-4, प्रथम तल, नवा रायपुर
अटल नगर जिला - रायपुर पिन - 492002
ई-मेल cdettrgcg@rediffmail.com

**:: सूचना ::**

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 17 जुलाई 2026 से 24 जुलाई 2026 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट **cgiti.admissions.nic.in** पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट का अवलोकन कर निर्देशो का भली- भांति अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से अथवा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। समय-सीमा के पूर्व आवेदक अपने आवेदन पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि एवं संस्था/ व्यवसाय प्राथमिकता क्रम में सुधार कर लेवें ।

**टीपः- 1. पूर्व के आवेदक जो अगली चरण (Round) में शामिल होना चाहते है, उन्हें अपने लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड से लॉगिन कर अगले चरण में शामिल होने हेतु Consent देना होगा तथा भुगतान कर Choice में परिवर्तन कर सकेंगे।**

**2. यदि पूर्व में प्रवेशित अभ्यर्थी इस चरण में भाग लेते हैं तथा आगामी चरणों में उन्हें अन्य सीट आबंटित होती है तो उनकी पूर्व में प्रवेशित सीट स्वतः निरस्त हो जायेगी ।**

**संचालक**
**रोजगार एवं प्रशिक्षण**

G-262702190/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

दिनांकः 16.07.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है।निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.07.2026 तक है।

| एन.आई.टी क्र. / निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 157 Tender No. 195597 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न पुल–पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। | रू. 10.31 लाख |
| NIT NO. 158 Tender No. 195599 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 1 महासमुंद अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू कार्य। | रू. 50.00 लाख |
| NIT NO. 159 Tender No. 195600 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 2 अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का लघूमूल गौण कार्य। | रू. 15.00 लाख |
| NIT NO. 160 Tender No. 195601 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 1 गरियाबंद अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू कार्य। | रू. 49.63 लाख |
| NIT NO. 161 Tender No. 195602 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 2 देवभोग अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू कार्य। | रू. 24.56 लाख |
| NIT NO. 162 Tender No. 195603 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 2 महासमुंद अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | रू. 40.00 लाख |
| NIT NO. 163 Tender No. 195604 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग राजिम के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों एम.ओ.डब्ल्यू कार्य | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 164 Tender No. 195605 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग राजिम के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। | रू. 25.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ–पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर–3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं ईमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)**

G-262702185/3 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ **आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**




# यमाल ने फाइनल से पहले अकेले की रिकवरी ड्रिल

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल को लेकर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले फैंस की चिंता बढ़ गई है। यमाल ने अर्जेंटीना के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान अकेले ट्रेनिंग की। उन्हें लेकर चोट की थोड़ी चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन ने तुरंत इन चिंताओं को कम करते हुए कहा कि इस युवा स्टार के रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले के लिए फिट होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि जब स्पेन अपने दूसरे वर्ल्ड कप खिताब के लिए खेलेगा, तब यमाल उपलब्ध होंगे। यह अलग ट्रेनिंग सेशन यमाल के लिए एक मुश्किल सेमीफाइनल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शाम का ज़्यादातर समय फ्रांस के फुल-बैक लुकास डिग्ने और थियो हर्नांडिज से जूझते हुए बिताया था। हालांकि मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस डे ला फ़ुएंटे ने जोर देकर कहा कि बार्सिलोना के इस युवा खिलाड़ी को कुछ नहीं हुआ है, फिर भी 90 मिनट के एक और जबरदस्त खेल के बाद उन्हें आमतौर पर होने वाले दर्द और चोटों का सामना करना पड़ रहा था।

## मेस्सी बोले- हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया

**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल में अर्जेंटीना की आलोचना करने वालों को संदेश देते हुए कहा कि 'हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने उन आलोचकों को जवाब दिया है, जो पक्षपातपूर्ण फैसलों को लेकर मौजूदा विश्व कप चैंपियन टीम की आलोचना कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा कि मैच के अंतिम क्षणों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की क्षमता से ही उनकी टीम ने लगातार जीत हासिल की तथा इसमें किसी और चीज का हाथ नहीं है।



### रेफरी के फैसले पर हुई सोशल मीडिया में आलोचना

स्विट्जरलैंड और मिस्र दोनों के कोच ने रेफरी के फैसलों की आलोचना की। मिस्र के होसाम हसन ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टीम उस फुटबॉल व्यवस्था का शिकार हुई है, जो मेस्सी और अर्जेंटीना का पक्ष लेती है। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी अर्जेंटीना की आलोचना हुई और आरोप लगाए गए कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा चाहता है कि अर्जेंटीना एक बार फिर विश्व चैंपियन बने।

## 49 लाख डॉलर में बिकी पेले की जर्सी

**न्यूयॉर्क।** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में, जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपए) में बिक गई है। नीलामीकर्ता सोथबीज ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे। विश्व कप फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड अब भी पेले के नाम पर दर्ज है। सोथबीज ने कहा कि ब्राजील के स्टार खिलाड़ी द्वारा पहनी गई जर्सी अब तक बेची गई दूसरी सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी है। डिएगो माराडोना की 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी गई 'हैंड ऑफ गॉड' जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी।



## खबर संक्षेप



### बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में हंसिका ने जीता रजत

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हंसिका लांबा ने 'पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। हंसिका ने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास के खिलाफ 2-7 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए वापसी करके 10-7 से जीत हासिल की। लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले में हंसिका यूक्रेन की मजबूत प्रतिद्वंद्वी नतालिया क्लीवचुत्स्का को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'प्वाइंट्स' (वीपीओ) के आधार पर 0-5 से हार गईं, जिससे उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

### पाक स्पिनर नवाज डोपिंग के आरोप में निलंबित



**दुबई।** पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है। उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि उसका खेल में प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं था। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ा इलाज पूरा करने पर नवाज की सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी। उनके अयोग्य रहने की अवधि एक मई से मानी जाएगी, क्योंकि इसी तारीख से उन्होंने स्वेच्छा से अस्थायी निलंबन शुरू किया था। आईसीसी ने कहा ,' पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज ने आईसीसी की डोपिंग रोधी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर तीन महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है।'

## चैंपियंस को मिलेगा अनोखा सम्मान

# विजेता को पहली बार पहनाई जाएगी 'चैंपियनशिप रिंग'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।




### 2026 पीस का लिमिटेड एडिशन

*फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।*

### ऐसी होगी रिंग की डिजाइन

रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।

जापान ओपन

# बिना खेले सेमीफाइनल में सिंधू

एजेंसी ▸▸| टोकियो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया। 2019 विश्व चैंपियन सिंधू आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था।

**सिंधू का सामना अब चेन युफेइ से :** सिंधू का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा, जिन्होंने दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त चीन की युफेइ का सिंधू के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 8-6 का है। उन्होंने 2019 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चेन को हराया था और खिताब जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी।



## क्रिकेटर सोबर्स का निधन शोक में क्रिकेट जगत

**नई दिल्ली।** दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में शुमार सर गैरी सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में बारबाडोस में शुक्रवार को निधन हो गया। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर गारफील्ड सोबर्स के निधन के साथ क्रिकेट जगत शोक में डूब गया और दुनिया भर के मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने उनके निधन को 'अपूरणीय क्षति' बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि सर गारफील्ड 'गैरी' सोबर्स के निधन से दुखी हूं। उनकी अतुल्य उपलब्धियां और खेल को अपार योगदान ने क्रिकेटरों की कई पीढियों को प्रेरित किया। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि क्रिकेट जगत की अपूरणीय क्षति। पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा, खेल के एक सच्चे दिग्गज, जिनके असाधारण कौशल , शालीनता और खेल-भावना ने दुनिया भर में क्रिकेटरों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

## सितंबर में समरकंद में होगा आयोजन

# 'फिडे एक्सीलेंस' दौड़ में गुकेश, प्रज्ञानानंदा और दिव्या

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले 'फिडे एक्सीलेंस' पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी के सम्मान की दौड़ में है। इसका आयोजन सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में 46वें ओलंपियाड के साथ किया जाएगा।

गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी उन 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है और इसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। विश्व कप विजेता दिव्या, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी और महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की विजेता वैशाली उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।






### गुकेश और दिव्या 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में नामांकित

*गुकेश और दिव्या को उनके वैश्विक खिताब के लिए 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में भी नामांकित किया गया है। इस साल की शुरुआत में शुरू किए गए ये पुरस्कार हर दो साल में दिए जाएंगे और दो साल के समय में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। शुरुआती पुरस्कारों में सितंबर 2024 से अगस्त 2026 तक की उपलब्धियों को शामिल किया गया है।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को 'सर्वश्रेष्ठ महासंघ' के वर्ग में नामांकित किया गया है।*

### न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

**प्रोविडेंस।** बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज जेडन लेनोक्स की लगातार दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज की टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 6 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

बैंक ऑफ इंडिया
Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर-24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101

ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

**ई-नीलामी तिथि एवं समय : 11.08.2026, प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक**

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स) बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स गुरसुख एग्रो ट्रेडिंग कंपनी, प्रोप.: सुश्री पायल शर्मा | परिवर्तित पोल्ट्री फार्म भूमि, शेड्स एवं स्ट्रक्चर - खसरा नं 46/5, प.ह नं. 15, भिंभोरी, तिल्दा रोड के पास, तहसील एवं जिला - रायपुर, क्षेत्रफल - 39288 वर्गफुट, मालिकाना हक- सुश्री पायल शर्मा पिता श्री नारायण शर्मा। सीमाएँ: -उत्तर - राम सिंह का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता भूमि, पूर्व - सड़क, पश्चिम - मंत्रम का प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 83.21<br>₹ 8.32<br>₹ 0.25 | अ) 31.07.2024<br>ब ) 01.10.2024<br>स)₹ 320.28 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 02 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - मेसर्स साड़ी सागर, प्रोप.- श्री रमेश कुमार खुबवानी पिता श्री लुधोमल खुबवानी, जमानतदार- श्रीमती सीमा खुबवानी पति श्री रमेश खुबवानी, श्री भीमसेन बैसानी पिता श्री संगतराम बैसानी | (अ) आवासीय फ्लैट - फ्लैट नंबर 302, तीसरी मंजिल सी - बनाना, हंसा विहार कॉलोनी, खसरा नं 638/53, 638/60, 638/61, 638/66, प.ह नं 22, शीट नं 8/5, प्लॉट नं 275, वार्ड नं 14, विनोबा नगर वार्ड, मौजा - जूना बिलासपुर, आरएनएम - बिलासपुर, तहसील एवं जिला - बिलासपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल- 1174.50 वर्गफुट पर स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति, मालिकाना हक - श्री रमेश कुमार खुबवानी पिता श्री लुधोमल खुबवानी । सीमाएँ :-उत्तर - फ्लैट नंबर 301,दक्षिण - फ्लैट नंबर 303,पूर्व - मार्ग,पश्चिम - आसमान की ओर खुला। (सांकेतिक कब्जा)<br>(ब) आवासीय भूमि एवं भवन - प्लॉट नंबर 611, खसरा नं 414/23, प.ह नं 22, शीट नं 10/06, मौजा-जूना बिलासपुर, आरएनएम-बिलासपुर, तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल- 872 वर्गफुट पर स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति, मालिकाना हक- श्री भीमसेन बैसानी पिता श्री संगतराम बैसानी (जमानतदार) ।सीमाएँ :-उत्तर- सड़क,दक्षिण - रामनिहोर की भूमि,पूर्व - केशरवानी की भूमि,पश्चिम - पिछले मालिक की भूमि। (सांकेतिक कब्जा) | अ ₹ 51.21<br>₹ 5.12<br>₹ 0.25<br>ब ₹ 72.72<br>₹ 7.27<br>₹ 0.25 | अ) 26.08.2025<br>ब ) 25.11.2025<br>स)₹ 199.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 03 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - आर.बी.एग्रो एंड सपलायर्स, प्रोप.- श्री ईश्वर दास मुंद्रा पिता बल्लव दास मुंद्रा, जमानतदार - श्रीमती कृष्णा चौधरी पति स्व. श्री तुलसी दास चौधरी | खुला प्लॉट - भूखण्ड नं 10/39, खसरा नं 1361/90 (1362/91, 1366/88, 1372/101), मौजा-तोरवा, प.ह नं 22/34, शीट नं 20, ब्लॉक नं 12, विवेकानन्द नगर वार्ड, ब्लॉक- बेल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल- 2320 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती कृष्णा चौधरी पति श्री तुलसीदास चौधरी। सीमाएँ :-उत्तर-विनोद सिंह का प्लॉट,दक्षिण - सड़क, पूर्व - विनोद सिंह का प्लॉट,पश्चिम - अन्य का प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 18.76<br>₹ 1.87<br>₹ 0.25 | अ) 04.06.2021<br>ब ) 03.02.2022<br>स)₹ 43.06 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 04 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - श्रीमती जानवी मूलचंदानी पति श्री पुरूषोत्तम मूलचंदानी, सह-उधारकर्ता - श्री पुरुषोत्तम मूलचंदानी पिता श्री हुंदराज मूलचंदानी | आवासीय संपत्ति- खसरा नं 392/22, 394/22, 395/22, इस्तार नं 14/2, भूखंड नं 97, पत्रकार कॉलोनी, कस्तूरबा नगर वार्ड 04, मौजा-कुदुदंड, बिलासपुर, में क्षेत्रफल -1100.00 वर्गफीट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती जानवी मूलचंदानी ।सीमाएँ :-उत्तर- के.डी. यदुराय का मकान, दक्षिण - मूलचंद खुटे का मकान, पूर्व - सरकार की भूमि,पश्चिम - निस्तारी रोड। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 56.10<br>₹ 5.61<br>₹ 0.25 | अ) 22.07.2025<br>ब ) 10.10.2025<br>स)₹ 42.13 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 05 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स शगुन एंटरप्राइजेज, प्रोप.- श्री रूपेश कुमार टावरी पिता माणक लाल टावरी, जमानतदार- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्व. श्री हरिप्रकाश सारदा | आवासीय फ्लैट - फ्लैट नंबर डी-401, चौथी मंजिल, प्रिंसेस प्राइड, कौरिनभाटा, हरिओम नगर, खसरा नं 106/10 एवं 106/11, प.ह नं 36/24, वार्ड नं 22, तहसील एवं जिला- राजनांदगांव (छ.ग), क्षेत्रफल - 662.50 वर्गफुट, मालिकाना हक- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा। सीमाएँ :- उत्तर - फ्लैट नंबर 404, दक्षिण -आसमान की ओर खुला, पूर्व - आसमान की ओर खुला, पश्चिम - फ्लैट नंबर 402. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 17.50<br>₹ 1.75<br>₹ 0.25 | अ) 09.04.2025<br>ब ) 04.07.2025<br>स)₹ 328.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 06 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- श्री प्रीतपाल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री रवींद्र सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री नरेशपाल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री राजमल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्रीमती निर्मल कौर पंछी पति स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी | आवासीय भूमि एवं भवन - खसरा नं 943/2, प.ह नं. 21/35, प्लॉट नं. 43/5, शीट नं. 31, ब्लॉक नंबर 10, मौजा-मंगला , तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग), क्षेत्रफल -10470.00 वर्ग फुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री रवींद्रपाल सिंह पंछी, श्री नरेशपाल पंछी, श्री प्रीतपाल सिंह पंछी, श्री राजपाल सिंह पंछी एवं श्रीमती निर्मल कौर पंछी. सीमाएँ :- उत्तर-चौहान का मकान एवं अन्य का प्लॉट, दक्षिण- गली,पूर्व - सड़क,पश्चिम- टंडन जी का मकान. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 233.75<br>₹ 23.37<br>₹ 0.50 | अ) 19.06.2025<br>ब ) 10.10.2025<br>स)₹ 58.79 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 07 | उधारकर्ता- मेसर्स श्री विबग्योर कलर लैब, प्रोप.- श्री हरिश्चन अग्रवाल, जमानतदार- श्रीमती शांति अग्रवाल (स्व. बद्री प्रसाद अग्रवाल की पत्नी) एवं श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल | आवासीय फ्लैट- फ्लैट नंबर बी-103, पहली मंजिल, ओम रेजीडेंसी, खसरा नं 506/5, 508/1, 506/10, 508/5, मौजा - अमेरी, प.ह नं 26/43, शीट नं 15, ब्लॉक नं 19, भूखंड नं 186 का भाग, गुरु घासीदास नगर, वार्ड 07, बिलासपुर, तहसील - सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग), क्षेत्रफल -980.00 वर्गफुट, मालिकाना हक- श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल। सीमाएँ (रजिस्ट्री के अनुसार) :-उत्तर-फ्लैट नं. बी-102, दक्षिण - आसमान की ओर खुला,पूर्व- आसमान की ओर खुला,पश्चिम- मार्ग. (सांकेतिक कब्जा) | अ ₹ 27.50<br>₹ 2.75<br>₹ 0.25 | अ) 17.01.2025<br>ब ) 07.08.2025<br>स)₹ 146.12 |
| 08 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स कृष्णनंदन मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक: 1. श्री रोमिंदर सिंह अजमानी, 2. श्री नवदीप सिंह अजमानी, जमानतदार- मेसर्स भाटिया बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, पार्टनर - श्री दलजीत सिंह भाटिया | (अ) फैक्ट्री भूमि- फ्रीहोल्ड फैक्ट्री भूमि स्थित भूखंड नंबर 2, खसरा नं 145/1, प.ह नं 42/14, मौजा - जाली, आरएनएम - रतनपुर, ब्लॉक - कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल -3.409 हेक्टेयर, मालिकाना हक- मेसर्स कृष्णनंदन मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट्स प्राइवेट, निदेशकों - श्री रोमिंदर सिंह अजमानी एवं श्री नवदीप सिंह अजमानी। सीमाएँ: -उत्तर - सुरेंद्र व अन्य की भूमि,दक्षिण - सरकारी भूमि,पूर्व - गुलाब व अन्य की भूमि,पश्चिम - मालिक व सरकार की भूमि। (सांकेतिक कब्जा)<br>(ब) खुला प्लॉट- खसरा नंबर 993/2डीए/38, लेआउट प्लॉट नंबर 15, शीट नंबर 48, गार्डन सिटी, प.ह नंबर 22, दयालबंद, मौजा-मोपका, बंदोबस्त नं.- 487, आरएनएम- बिलासपुर, ब्लॉक- बेलहा, तहसील व जिला - बिलासपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल- 1560 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- मेसर्स भाटिया बिल्डर्स एंड डेवलपर्स बिलासपुर, पार्टनर - श्री दलजीत सिंह भाटिया. सीमाएँ :- उत्तर- अन्य का प्लॉट, दक्षिण- प्लॉट नं. 14, पूर्व- प्लॉट नंबर 16, पश्चिम- सड़क. (सांकेतिक कब्जा) | अ ₹ 106.50<br>₹ 10.65<br>₹ 0.50<br>ब ₹ 22.50<br>₹ 2.25<br>₹ 0.25 | अ) 30.04.2024<br>ब ) 05.08.2024<br>स)₹ 99.90 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 09 | व्यापार विहार शाखा:- उधारकर्ता- श्री शुभाशीष कुमार मित्रा | आवासीय फ्लैट- फ्लैट नंबर एल-204, प.ह नंबर 22/36/29, साकेत अपार्टमेंट, बोधिसत्व ब्लॉक, अग्रसेन चौक के पास, जूना बिलासपुर, खसरा नं. 622/5 (भाग), प्लॉट नंबर 272/1, तहसील एवं जिला-बिलासपुर, क्षेत्रफल- 1350 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री सुभाशीष कुमार मित्रा। सीमाएँ:- उत्तर : कॉलोनी रोड,दक्षिण : सेट बैक,पूर्व : सेट बैक,पश्चिम: फ्लैट नं.एल-203. (सांकेतिक कब्जा) | ₹49.84<br>₹4.98<br>₹0.25 | अ) 18.09.2025<br>ब) 09.12.2025<br>स) ₹24.84 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 10 | दुर्ग शाखा:- उधारकर्ता- श्री जयचंद तिग्गा, सह-आवेदक- श्रीमती प्लासिया तिग्गा | आवासीय फ्लैट - खसरा नं 80/6,80/5,80/7,80/8, प.ह नंबर 19/23, फ्लैट नंबर ए-101, प्रथम तल, मेसर्स लैंड मार्क एसोसिएट्स, आनंद विहार, फेस-2, मौजा-पोटियाकला, तहसील एवं जिला-दुर्ग (छ.ग.) में क्षेत्रफल - 878.00 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती प्लासिया तिग्गा पति श्री जयचंद तिग्गा। सीमाएँ:उत्तर : फ्लैट नं.-ए/102,दक्षिण : आसमान की ओर खुला,पूर्व: आसमान के लिए खुला,पश्चिम: गलियारा। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 16.43<br>₹ 1.64<br>₹ 0.25 | अ) 29.11.2025<br>ब) 02.02.2026<br>स) ₹ 10.08 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 11 | एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स प्रीतिबाला फूड प्रोसेसिंग यूनिट प्राइवेट लिमिटेड, निदेशकों - श्री महेंद्र कुमार साहू पिता श्री बिसाहू राम साहू, श्रीमती प्रीतिबाला साहू पति श्री महेंद्र कुमार साहू | लीज़ होल्ड औद्योगिक भूमि एवं भवन - खसरा नंबर 824/2, 824/3, 824/5, गाँव सेलुद, प.ह नं 27, तहसील- पाटन, ज़िला- दुर्ग (छ.ग) में कुल क्षेत्रफल- 0.28 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति । पट्टा देने वाला -महेंद्र कुमार साहू, पट्टेदार- मेसर्स प्रीतिबाला फूड प्रोसेसिंग यूनिट प्राइवेट लिमिटेड । सीमाएँ :- उत्तर - खसरा नंबर 818/1 धनकर की भूमि, दक्षिण - खसरा नंबर 825 बी.डी साहू की भूमि, पूर्व- डब्लूबीएम रोड, पश्चिम- महेंद्र साहू की भूमि। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 82.08<br>₹ 8.20<br>₹ 0.25 | अ) 30.07.2024<br>ब) 09.10.2024<br>स) ₹ 53.15 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**ई-नीलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना** (ई-नीलामी तिथि 11.08.2026)

हमारी शाखा द्वारा जब्त किये गये वाहनों का "जहाँ है जैसा है" आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| क्र. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य / ई.एम.डी. / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | एआरबी (रायपुर) शाखा:- श्री धनेश सिंह पिता श्री जमुना सिंह | Vehicle No. CG10BV2331, Make & Model – Ashok Leyland AVTRN5525 TT 3400 MM WB9 Speed Gear Box With new Generation Eco Cabin fully buit traiuler, BS6 Diesel Engine. Chasis No. MB1T2VLD3RPKB0992, Engine No. RLPZS04067 *Vehicle Parked at Yard of Rohi Recovery. | ₹31,91,000<br>₹ 3,19,100<br>₹25,000 |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय-दिनांक : 11.08.2026, सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे, सीमा रहित 10 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय – 18.07.2026 से 10.08.2026 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में।

**नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

**उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एव खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - व्यापार विहार शाखा: आशीष सिंह- 8109866253, दुर्ग शाखा: नबनिता दत्ता, 8987455200, एआरबी (रायपुर) शाखा: सूरज कुमार - 7717741309. ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी – श्री रमा राव, मो. 99084 84996.**

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें:** 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। **2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक / सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्य दिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत / सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं baanknet के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा । 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने / टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा । 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त / स्थगित किया जायेगा।

**किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 18.07.2026, सेंट्रल क्रॉनिकल का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।**

दिनांक : 18.07.2026, स्थान : रायपुर — अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया



# दुनिया की इकलौती सड़क, जो बनी है 12 मंजिला अपार्टमेंट्स के ठीक ऊपर

**बीजिंग।** देश-दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कई ऐसी इमारतें हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। इनमें से किसी बिल्डिंग के बीच से होकर ट्रेन गुजरती है, तो कोई जिद्दी इमारत सड़क के बीचों-बीच खड़ा होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी सड़क के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 12 मंजिले अपार्टमेंट्स के ठीक ऊपर बनी हुई है। जब इसके ऊपर से बड़ी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं, तो नीचे बने घरों की दीवारें भी हिलने लग जाती हैं। इसके बावजूद भी इन घरों में रहने वाले लोग अपना मकान खाली नहीं करना चाहते। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये सड़क है कहां? ऐसे में बता दें कि यह सड़क चीन के गुइयांग शहर में बना है।

## गरीबों को सस्ते मकान देने जुगाड़

इस पुल का नाम शुइकोउसी ब्रिज है, जो आज के समय में चीनी तकनीक का एक शानदार उदाहरण है। जहां दुनियाभर के लोग अपने घरों के ऊपर से गाड़ियों के गुजरने की कल्पना भी नहीं कर सकते, वहीं चीन के हजारों लोग इस हाईवे के नीचे मजे से अपनी जिंदगी जी रहे हैं। शुइकोउसी ओवरपास का निर्माण साल 1997 में ही पूरा हो गया था। लेकिन, इसके बनने के तुरंत बाद ही गुइयांग शहर के प्रशासन के सामने एक मुसीबत खड़ी हो गई। 40 लाख से ज्यादा की आबादी वाले इस शहर के बीचों-बीच गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ते मकान देने के लिए जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा भी खाली नहीं बचा था। ऐसे में शहर को बाहर की तरफ फैलाने के बजाय प्रशासन ने इस जुगाड़ से उनके रहने की व्यवस्था कर दी।

## रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया वाइब्रेशन



प्रशासन ने तय किया कि शहर के बीचों-बीच बने इस ऊंचे पुल के नीचे की खाली पड़ी जमीन का इस्तेमाल रिहायशी इमारतें बनाने के लिए किया जाएगा। पुल के पूरा होने के ठीक दो साल बाद, साल 1999 में इसके नीचे करीब 10 बहुमंजिला रिहायशी इमारतें खड़ी कर दी गईं, जिनमें से कुछ को बाद में बढ़ाकर एक दर्जन से अधिक कर दिया गया। इस प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा फायदा यह था कि गरीब और विस्थापित लोगों को शहर के बिल्कुल बीचों-बीच सस्ते दाम पर रहने के लिए घर मिल गए, जहां से उनके लिए काम-धंधे पर जाना बेहद आसान था। इस फायदे के बदले इन मकानों में रहने वाले लोगों को एक समझौता भी करना पड़ा।

## गाड़ियां गुजरती हैं तो हिलने लगती हैं दीवारें

शुरुआत में एक्सपर्ट्स को लगा था कि गाड़ियों की गड़गड़ाहट और हिलती दीवारों के कारण लोग यहां रहने से मना कर देंगे, लेकिन उलट हुआ। समय के साथ लोगों ने इस अनोखे माहौल में खुद को ढाल लिया और इस शोर-शराबे व कंपन को ही अपने घर की अनोखी पहचान मान लिया। प्रशासन ने इस पुल से भारी और बड़े ट्रकों के गुजरने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है।

# पृथ्वी के बाहर जीवन की तलाश पूरी? नासा को मिले पक्के वायुमंडल के सबूत

वॉशिंगटन। हमारे सौर मंडल के बाहर जीवन की खोज में एक नया मोड़ आया है। रिसर्चर्स ने 49 प्रकाश-वर्ष दूर पृथ्वी जैसे एक ग्रह के चारों ओर एक वायुमंडल का पता लगाया है, जिसकी सतह पर तरल पानी हो सकता है। पथरीले एक्सोप्लैनेट के चारों ओर भी ऐसे घेरे के संकेत मिले हैं, जो अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र (हैबिटेबल जोन) के बाहर स्थित हैं। यह वह क्षेत्र है, जहां ग्रह की सतह पर तरल पानी मौजूद हो सकता है। इसलिए, वहां पृथ्वी की तरह जीवन की संभावना हो सकती है। इससे पहले गैस वाले बड़े एक्सोप्लैनेट और सब-नेपच्यून के चारों ओर वायुमंडल पाए गए हैं, लेकिन यह नई खोज अलग है।

## कई मामलों में पृथ्वी के समान

डॉक्टर कॉलिन चेरुबिम के मुताबिक, यह वास्तव में एक रोमांचक खोज है। मुझे लगता है कि यह एलएचएस 1140बी को हमारे सौर मंडल के बाहर एस्ट्रोबायोलॉजी और रहने की क्षमता के अध्ययन के लिए यह सबसे आशाजनक और रोमांचक प्रयोगशाला के रूप में सबसे आगे रखती है। एलएचएस 1140बी ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी से 5.6 गुना है और इसकी त्रिज्या 70% बड़ी है। चेरुबिम ने बताया कि यह कुछ मामलों में पृथ्वी के समान है। जैसे इसकी कुल बनावट और तापमान। कुछ मामलों में यह अलग है। जैसे- यह टाइडली लॉक्ड है, इसमें बहुत अधिक पानी हो सकता है। इसका वायुमंडल बहुत अलग है। नई स्टडी से अब हमें पता चला है कि एलएचएस 1140बी में रहने लायक माहौल के लिए जरूरी सभी चीजें मौजूद हैं। यह एक चट्टानी ग्रह है, यहां का तापमान ऐसा है कि तरल पानी रह सकता है और यहां एक ऐसा वायुमंडल है जो पानी को उड़ने से रोकता है। इसका तारा शांत है और उसमें बहुत कम फ्लेयर्स (ऊर्जा विस्फोट) होते हैं।

## एक और ग्रह पर बसेगी दुनिया?



## खो सकते हैं वायुमंडलीय गैसें

नीदरलैंड्स की लीडेन ऑब्जर्वेटरी की डॉक्टर यामिला मिगुएल ने भी इन नतीजों का स्वागत किया और कहा कि यह पहले से ही पता था कि अपने होस्ट स्टार के करीब मौजूद ग्रह अंतरिक्ष में अपनी वायुमंडलीय गैसें खो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह ग्रह इसलिए इतना दिलचस्प है, क्योंकि यह इतनी ज्यादा मात्रा में वायुमंडल खो रहा है। हम यहां से इसका पता लगा सकते हैं, जो कि एक छोटे और पथरीले ग्रह के मामले में आसान नहीं है

## यह एक शानदार खोज

2017 में खोजा गया यह ग्रह अपेक्षाकृत पास है और सेटस (समुद्री राक्षस) तारामंडल में एक छोटे लाल बौने तारे (रेड ड्वार्फ) की परिक्रमा करता है। यह तारा हमारे अपने सूर्य से छोटा और कम चमकदार है, लेकिन अपनी ऊर्जा का एक बड़ा हिस्सा आयनकारी विकिरण के रूप में छोड़ता है। चेरुबिम ने यह खोज जारी रखने के लिए, खासकर जीवन के संकेत खोजने के लिए, एक बहुत ही रोमांचक जगह है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एस्ट्रोफिजिक्स की प्रोफेसर जेन बर्कबी ने कहा कि यह शानदार खोज है। छोटे रेड ड्वार्फ तारे सबसे आम तरह के तारे होते हैं। इसलिए उनके रहने लायक जोन में मौजूद चट्टानी एक्सोप्लैनेट का अध्ययन करने का हमारे पास सबसे अच्छा मौका होता है।




# बातचीत करने से घबराता था शख्स, ढूंढ ली ऐसी नौकरी, 30 साल से नहीं की बात

**रोम।** आज की भागती-दौड़ती दुनिया में ज्यादातर लोग लगातार बातचीत करते रहते हैं। लेकिन, कुछ लोग बात करने से बचते हैं। इटली के मौरो मोरांडी ने इस सोच को नई ऊंचाई दी है। वे पिछले 30 सालों से किसी दूसरे इंसान से बात नहीं कर रहे हैं। उनका घर है इटली के सुंदर बुडेली आइलैंड पर, जहां वे अकेले रहकर द्वीप की देखभाल करते हैं। बताया जाता है कि 1980 के दशक के अंत में मौरो मोरांडी नाव की यात्रा पर निकले थे। बुडेली आइलैंड पहुंचकर वे वहां रुक गए। उस समय द्वीप का केयरटेकर जा रहा था। मौरो ने उसकी जगह ले ली और आइलैंड का अनौपचारिक गार्जियन बन गए। उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आधुनिक सुविधाओं से दूर, बिना बिजली, इंटरनेट और लगातार संपर्क के वे प्रकृति के साथ रह रहे हैं। उनका काम है आइलैंड की देखभाल करना, सफाई रखना और प्रकृति का निरीक्षण करना।

## क्यों छोड़ी बातचीत?



मौरो बताते हैं कि उन्हें शोर-शराबे वाली जिंदगी पसंद नहीं थी। वे शांति और एकांत चाहते थे। आइलैंड पर रहकर उन्होंने सादगी भरी जिंदगी अपनाई। यहां वे किताबें पढ़ते हैं, प्रकृति को निहारते हैं और अपने विचारों में खोए रहते हैं। 30 सालों में उन्होंने बहुत कम लोगों से बात की है। ज्यादातर समय वे पूरी तरह अकेले रहते हैं। उनकी यह कहानी अब दुनिया भर में प्रेरणा बन गई है।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।

Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores


# मंगल ग्रह पर मिला 'मधुमक्खी का छत्ता'? 14 साल पुराने क्यूरियोसिटी रोवर ने भेजी तस्वीर

वैज्ञानिक अभी तक इस बात का कोई पुख्ता जवाब नहीं खोज पाए हैं कि यह अनोखा पैटर्न आखिर बना कैस। इसके पीछे कई थ्योरीज दी जा रही हैं-

## वैज्ञानिक भी हुए हैरान

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष की दुनिया से एक बार फिर एक ऐसी सनसनीखेज तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनियाभर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। नासा के मंगल पर चक्कर लगाने वाले क्यूरियोसिटी रोवर ने लाल ग्रह की बंजर सतह पर एक बहुत ही अजीबोगरीब आकृति कैमरे में रिकार्ड की है, जो हूबहू मधुमक्खी के बड़े छत्ते जैसे दिखाई देती है। बीते 14 सालों से लाल ग्रह पर चक्कर लगा रहे इस रोवर से आई नई तस्वीर ने साइंस की दुनिया में नई बहस छेड़ दी है। आखिर करोड़ों मील दूर इस वीरान ग्रह पर यह जादुई पैटर्न कैसे बना?

लाल ग्रह यानी मंगल पर बीते 14 सालों से खोज कर रहे क्यूरियोसिटी रोवर ने यह हैरान करने वाली तस्वीर गेल क्रेटर इलाके में खींची है। नासा के ब्लॉग के अनुसार, जब वैज्ञानिकों ने इस इलाके की तस्वीरें देखीं, तो वे हैरान हो गए। यहां की जमीन पर बड़े-बड़े पॉलीगोनल यानी कई कोण वाले स्ट्रक्चर बने हुए हैं, जो ऊपर से देखने पर हूबहू मधुमक्खी के छत्ते जैसे दिखते हैं।



## काले पत्थरों ने बढ़ाया सस्पेंस

इस जगह पर सिर्फ छत्ते जैसा पैटर्न ही नहीं, बल्कि वहां बिखरे हुए गहरे काले रंग के पत्थर भी वैज्ञानिकों के लिए पहेली बन गए हैं। रोवर ने यहां कोर्टाडिरा नाम के एक काले पत्थर और इन आकृतियों की जांच अपने हाई-टेक कैमरों और लेजर टूल्स से की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये पत्थर या तो ऊंचे पहाड़ों से टूटकर गिरे हैं, या फिर किसी प्राचीन उल्कापिंड का हिस्सा हैं, जो लाखों साल पहले अंतरिक्ष से यहां गिरे थे. इससे पहले भी मंगल पर ऐसे काले पत्थर मिले थे जिनमें निकल धातु मिली थी, जो ज्यादातर उल्कापिंडों में होती है।

# इंसान का फैलाया कचरा साफ करेगा अमेजन का यह अनोखा जीव

**न्यूयार्क।** दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से प्लास्टिक कचरे से निपटने का कोई न कोई तरीका ढूंढ रहे हैं। इसी बीच अमेजन के घने जंगलों से एक ऐसी उम्मीद जागी है, जो आने वाले समय में प्लास्टिक के पहाड़ों को भी समाप्त कर सकती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे अनोखे फंगस की खोज कर ली है, जो न सिर्फ प्लास्टिक को खाकर पचा जाता है, बल्कि इसे जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की भी जरूरत नहीं होती। इस अनोखे फंगस का वैज्ञानिक नाम पेस्टालोटियोप्सिस माइक्रोस्पोरा है। आइए जानते हैं कि यह कैसे काम करता है और क्यों यह खोज इतनी खास है।

**येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने की थी खोज** : इस फंगस की खोज सबसे पहले अमेरिका के येल यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स और छात्रों की एक टीम ने इक्वाडोर के अमेजन जंगलों में की थी। यह टीम वहां पौधों के अंदर रहने वाले सूक्ष्मजीवों जिन्हें एंडोफाइटिक फंगस कहा जाता है पर रिसर्च करने पहुंची थी। जब इन सैंपल्स को लैब में लाकर टेस्ट किया गया, तो वैज्ञानिक हैरान हो गए। यह फंगस पॉलीयूरेथेन नाम के कड़े प्लास्टिक को आसानी से तोड़ पा रहा था, जिसका इस्तेमाल हम घरों में इंसुलेशन, फोम, कोटिंग और गोंद जैसी चीजों को बनाने में करते हैं।

## बिना ऑक्सीजन के भी खा जाता है प्लास्टिक!



## बिना ऑक्सीजन के काम करना क्यों है बेहद खास?

ज्यादातर किसी चीज को सड़ने या गलने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। लेकिन, इस फंगस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह बिना ऑक्सीजन के भी प्लास्टिक को नष्ट कर सकता है।

## कचरे के मैदान के लिए बनेगा वरदान

जब हम कचरा फेंकते हैं, तो वह जमीन के नीचे दब जाता है। कचरे की गहरी परतों में ऑक्सीजन बिल्कुल नहीं होती, जिससे वहां प्लास्टिक सैकड़ों सालों तक वैसा ही पड़ा रहता है। लेकिन, यह जीव बिना ऑक्सीजन के भी काम कर सकता है, इसलिए इसे कचरे के ढेरों में नीचे दबाकर भी प्लास्टिक को गलने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## प्लास्टिक को ही बना लेता है अपना भोजन!

रिसर्च में खुलासा हुआ है कि यह फंगस प्लास्टि को ही अपने भोजना बना लेता है। इसमें सेरीन हाइड्रोलेज नाम का एक खास एंजाइम पाया जाता है। यह एंजाइम प्लास्टिक के जटिल केमिकल बॉन्ड्स को तोड़कर उन्हें छोटे टुकड़ों में बदल देता है, जिससे फंगस उसे आसानी से पचा लेता है।

# इतिहास में पहली बार टाई हुआ मिस इंग्लैंड कंपटीशन

**लंदन।** मिस इंग्लैंड प्रतियोगिता के 98 साल के लंबे इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब जजों ने किसी एक को नहीं, बल्कि एक साथ दो-दो लड़कियों को विनर घोषित कर दिया है। यह पूरा मामला मिस इंग्लैंड ईस्ट मिडलैंड्स के खिताब का है। इस ब्यूटी पेजेंट में 19 साल की कैटलिन बैनेट और 23 साल की ऐली डैगलिश) नाम की दो सुंदरियां हिस्सा ले रही थीं। जब कैटवॉक और टैलेंट राउंड खत्म हुआ और नतीजे सामने आए, तो जज भी सिर पकड़कर बैठ गए। क्योंकि, दोनों ही कंटेस्टेंट्स के नंबर बिल्कुल बराबर आए थे।



बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
एहसास जगायें, नवयौवन जैंसा जोश पाये
वीटा-एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल
UID No. A.U. 4127/09/25/285
पुरुषों के स्वास्थ्य हेतु प्रमाणित शुध्द स्वर्ण भस्म, सफेद मुसली व शिलाजित युक्त
100% आयुर्वेदिक
100 वर्षों से लोगों का पसंदीदा, भरोसेमंद, जाँचा और परखा
वैद्यकिय सलाह 844 844 4935
www.baidyanath.co

PAINFUL KIDNEY STONES ?
WE OFFER PAINLESS & NON-INVASIVE TREATMENT
• URSL (Semirigid Ureteroscopy)
• Oral Medication
• ESWL (Extra corporeal Shock Wave Lithotripsy)
• Laser Kidney Stone Treatment
• PCNL (Per cutaneous Nephrolithotomy)
(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

Vedanta Medical Research Foundation BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
मध्यभारत का अत्याधुनिक व विश्वसनीय कैंसर हॉस्पिटल
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त
आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क ईलाज एवं सभी PSUs व बीमा कंपनियों से अनुबंधित
• सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी (रोबोटिक/लेप्रोस्कोपिक).
• पेट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
• कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी
• रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
• आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
• अत्याधुनिक ट्रू-बीम लिनक एवं हैल्सीऑन मशीन द्वारा रेडिएशन थेरेपी व ब्रैकिथेरेपी की सुविधा
बीएमसी सिटी कैंसर डेकेयर - कलर्स मॉल के बाजू, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 9201966330
मेन हॉस्पिटल: सेक्टर 36, नया रायपुर, (छ.ग.) 8282823333/4444

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com